दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 94 जयपुर, बुधवार, 13 मार्च, 2024 फाल्गुन, शुक्ल पक्ष-तृतीया, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00




## पोखरण के भारत शक्ति अभ्यास में बोले प्रधानमंत्री मोदी...

# हमारी तोपों, टैंकों और लड़ाकू विमानों की ये गर्जना ही तो है देश की ताकत



### डिफेंस सेक्टर बना एक्सपोर्टर

डिफेंस सेक्टर की तारीफ करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि भविष्य में भारत की सेना और भारत का डिफेंस सेक्टर कितना बड़ा होने वाला है। इसमें युवाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के कितने अवसर बनने वाले हैं। कभी भारत दुनिया का सबसे बड़ा डिफेंस इम्पोर्टर हुआ करता था, जबकि आज भारत डिफेंस सेक्टर में भी एक बड़ा निर्यातक बनता जा रहा है। आज भारत का डिफेंस एक्सपोर्ट 2014 की तुलना में 8 गुना से ज्यादा बढ़ चुका है। पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में भारत ने अपना लड़ाकू हवाई जहाज बनाया है। भारत ने अपना एयरक्राफ्ट कैरियर बनाया है, C295 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट भारत में बनाए जा रहे हैं। आधुनिक इंजन का निर्माण भी भारत में होने वाला है। देश में उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में डिफेंस कॉरीडोर बन रहे हैं। इनमें अब तक 7 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश हुआ है। हेलिकॉप्टर बनाने वाली एशिया की सबसे बड़ी फैक्टरी भारत में काम करना शुरू कर चुकी है।

### कांग्रेस पर साधा निशाना

अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कांग्रेस का नाम तो नहीं लिया, लेकिन केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने कहा कि आजादी के बाद से एक दुर्भाग्य यह रहा कि जिन्होंने दशकों तक देश शासन किया। वे देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं रहे। हालत यह थी कि आजादी के बाद देश का पहला घोटाला सेना में खरीद के दौरान ही हुआ। उन्होंने जानबूझकर भारत को रक्षा जरूरत के लिए विदेशियों पर निर्भर रखा।इस दौरान उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होता भारत सेनाओं में आत्मविश्वास की गारंटी है। वर्ष 2014 के बाद सैन्य क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के साथ कई उपलब्धियों का भी पीएम मोदी ने जिक्र किया।



**बेधड़क** | जयपुर/ जैसलमेर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को 30 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों के साथ जैसलमेर के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में 'भारत शक्ति' अभ्यास के साक्षी बने। इस मौके पर पीएम ने कहा कि सेनाओं की ताकत तभी बढ़ती है, जब देश आर्थिक रूप से सशक्त होता है। आज भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। देश का सामर्थ्य निरंतर बढ़ रहा है और हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

पीएम ने कहा कि आज हमारा पोखरण एक बार फिर भारत की आत्मनिर्भरता, भारत के आत्मविश्वास और भारत के आत्मगौरव की त्रिवेणी का साक्षी बना है। उन्होंने कहा कि यही पोखरण है, जो भारत की परमाणु शक्ति का साक्षी रहा है और यहीं पर हम आज स्वदेशीकरण से सशक्तीकरण का दम भी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति में राजस्थान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और विकसित राजस्थान, विकसित सेना को ताकत प्रदान करेगा। मोदी ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमने देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के लिए अथक प्रयास किए हैं और एमएसएमई और स्टार्टअप को प्रोत्साहित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आने वाले वर्षों में जब हम दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेंगे तो भारत का सैन्य सामर्थ्य भी नई बुलंदी पर होगा। भारत को तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में राजस्थान की बहुत बड़ी भूमिका होने वाली है। विकसित राजस्थान, विकसित सेना को भी उतनी ही ताकत देगा।



## 23 साल में पहली बार क्रैश हुआ तेजस फाइटर जेट



जैसलमेर में युद्धाभ्यास के बीच भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि यह लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास में शामिल होने जा रहा था। इसी दौरान विमान क्रैश हो गया। गनीमत रही की पायलट विमान के गिरने से पहले निकलने में कामयाब रहे। हालांकि, समय पर पैराशूट नहीं खुलने की वजह से पायलट जख्मी हो गया। जैसलमेर शहर के बीच जवाहर कॉलोनी के पास यह विमान आबादी के बीच आग का गोला बनकर गिरा। लड़ाकू विमान एक छात्रावास से भी टकराया। गनीमत रही कि हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। वायु सेना ने बयान जारी कर दुर्घटना के बारे में जानकारी दी गई है। दुर्घटना की वजह का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया गया है। 23 साल में यह पहला मौका है, जब तेजस दुर्घटना का शिकार हुआ है। भारतीय वायुसेना इससे पहले मिग-21 विमानों का इस्तेमाल कर रही थी। हालांकि मिग-21 के गियर बॉक्स में तकनीकी खराबी के कारण इसे रिप्लेस करते हुए तेजस की तैनाती की गई। तेजस पूरी तरह से इंडिया में डिजाइन और डेवलप किया गया है। इसे बेंगलूरु के हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड ने तैयार किया था।

## जरूरी खबर

### रोडवेज में मिलेगी वरिष्ठ नागरिकों को 50% छूट



**जयपुर**। उपमुख्यमंत्री व परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने बताया कि रोडवेज की साधारण एवं दुरतगामी श्रेणी की बसों में 60 से 80 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों को अब 50 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी। रोडवेज ने इसके लिए मंगलवार को आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2024-25 में 60 से 80 वर्ष के वरिष्ठ नागरिकों के लिए दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को बढाकर 50 प्रतिशत की घोषणा की गई थी,जिसकी अनुपालना में यह आदेश जारी किए गए हैं।

## राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

# नायब सैनी की हरियाणा के नए मुख्यमंत्री के रूप में ताजपोशी

**एजेंसी** | चंडीगढ़

हरियाणा की राजनीति में मंगलवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला, जहां चंद घंटों के भीतर सरकार बदल गई और बीजेपी ने मनोहर लाल खट्टर की जगह नायब सैनी को मुख्यमंत्री बना दिया। नायाब सैनी ने जहां मुख्यमंत्री पद की शपथ ली तो वहीं उनके साथ पांच विधायक भी मंत्री बने।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा के नए सीएम नायब सिंह सैनी को बधाई दी है।



हरियाणा में नई सरकार का गठन हो गया है। नायब सिंह सैनी समेत छह नेताओं ने मंगलवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान हरियाणा के पूर्व सीएम मनोहर लाल भी मौजूद रहे। उन्होंने पीठ थपथपा कर सैनी को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही पांच विधायकों की मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल में कोई नया चेहरा नहीं शामिल किया गया है। कंवरपाल गुर्जर मंत्रिमंडल में अपनी जगह बनाने में कामयाब रहे। वह मनोहर लाल सरकार में भी शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने मंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा जेपी दलाल को भी मंत्रिमंडल में जगह मिली है। वे मनोहर सरकार में कृषि मंत्री थे। निर्दलीय विधायक रणजीत सिंह चौटाला ने भी नई सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। वह मनोहर सरकार में बिजली मंत्री रह चुके हैं। मनोहर सरकार में परिवहन मंत्री रहे मूलचंद शर्मा को नई सरकार में भी मंत्री बनाया गया है।

### आतंकी-गैंगस्टर के खिलाफ NIA का एक्शन

**राजस्थान, पंजाब-हरियाणा और चंडीगढ़ में 30 जगहों पर रेड**

**नई दिल्ली**। एनआईए ने आतंकवादी और गैंगस्टर के खिलाफ मंगलवार सुबह राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 30 से ज्यादा ठिकानों पर छापा मारा है। एनआईए ने 6 जनवरी को देश में आतंकवादी-गैंगस्टर-ड्रग तस्कर गठजोड़ को ध्वस्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया और खूंखार गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के संगठित आतंकी-अपराध सिंडिकेट के सदस्यों के स्वामित्व वाली चार संपत्तियों को जब्त कर लिया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने मंगलवार को लॉरेंस विश्नोई गैंग और बब्बर खालसा के आतंकी नेटवर्क और तस्करी नेटवर्क को लेकर राजस्थान समेत 4 राज्यों में छापेमारी की।

## लोकसभा चुनाव: कांग्रेस की दूसरी सूची

# तीन पूर्व सीएम के बेटों को टिकट... BJP के बागी भी मैदान में

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची मंगलवार को जारी कर दी गई है। इसमें चार राज्यों के 43 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। इस सूची में 10 सामान्य, 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी और एक मुस्लिम उम्मीदवार हैं। केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकारों को बताया कि सीईसी ने बैठक के बाद असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दे दी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट, नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा और वैभव गहलोत जालौर से चुनाव लड़ेंगे।



### 1 दिन पहले ही कांग्रेस जॉइन करने वाले को टिकट

एक दिन पहले ही बीजेपी छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए चूरू सांसद राहुल कस्वां को कांग्रेस ने टिकट दे दिया है। इसके साथ ही कांग्रेस ने जालौर से पूर्व सीएम के बेटे और पूर्व आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, बीकानेर से गोविंदराम मेघवाल को चुनाव में उतारा गया है। अलवर सीट से ललित यादव को टिकट दिया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी के सामने चित्तौड़गढ़ से पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना को मैदान में उतार गया है। वहीं, जोधपुर से कांग्रेस ने करण सिंह को टिकट दिया है, जिनका मुकाबला केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ होगा।

## एएजी और गवर्नमेंट काउंसिल की नियुक्ति

**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने मंगलवार रात आदेश जारी करते हुए राजस्थान हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ताओं की नियुक्ति कर दी हैं। अधिवक्ता विज्ञान शाह और संदीप तनेजा को जयपुर पीठ में अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया हैं। वहीं मुख्यपीठ जोधपुर में अधिवक्ता राजेश पंवार, महावीर विश्नोई और मनीष की अतिरिक्त महाधिवक्ता के पद पर नियुक्ति हुई हैं। सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता शिवमंगल शर्मा को अतिरिक्त महाधिवक्ता नियुक्त किया गया हैं। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता निधि जसवाल को एडवोकेट ऑन रिकार्ड और सौरभ राजपाल, दिव्यांक पंवार, क्षितिज मित्तल और अनिशा रस्तोगी को पैनल लॉयर के रूप में नियुक्ति दी गई हैं। अधिवक्ता अर्चित बोहरा को अतिरिक्त गवर्नमेंट काउंसिल, राकेश कुमार बैरवा को डिप्टी गवर्नमेंट काउंसिल और शिवम चौहान और ललित पारीक को असिस्टेंट गवर्नमेंट काउंसिल नियुक्त किया गया हैं।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।


**ED का एक्शन**

# पेपर माफिया पर शिकंजा, मास्टरमाइंड शेरसिंह की प्रॉपर्टी सीज

**बेधड़क** | जयपुर

पेपर लीक गिरोह पर ईडी का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मास्टरमाइंड शेरसिंह उर्फ अनिल मीणा की काली कमाई से अर्जित प्रॉपर्टी को ईडी ने जब्त कर लिया है। ईडी को बगरू, अजमेर, उदयपुर और झालावाड़ में आरोपी की प्रॉपर्टी की जानकारी मिली थी। इन चारों शहरों में उसकी संपत्ति को आज ईडी ने जब्त कर लिया है। ईडी ने प्रॉपर्टी जब्त करने के बोर्ड भी लगाए हैं।

राजस्थान लोकसेवा आयोग की शिक्षक भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में शेरसिंह उर्फ अनिल मीणा मास्टरमाइंड है। आरोप है कि उसने आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा से पर्चा लिया और यह पर्चा अपने गिरोह के दूसरे बदमाशों तक पहुंचाया। इसके बाद पूरे नेटवर्क के जरिए कई अभ्यर्थियों तक यह पर्चा पहुंचाया गया।

पेपर लीक की काली कमाई को उसने कई जगह पर प्रॉपर्टी में निवेश किया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद ईडी ने शिकंजा कसते हुए उसकी संपत्तियों को जब्त किया है।



### 3 माह बाद ईंट भट्टे पर मजदूरी करता मिला था

उदयपुर में चलती बस में शिक्षक भर्ती का पेपर अभ्यर्थियों को हल करवाने का मामला सामने आने के बाद शेर सिंह उर्फ अनिल मीणा फरार हो गया था, जिसे तीन महीने बाद पुलिस ने उसकी गर्लफ्रेंड की निशानदेही पर पकड़ा था। उसे एसओजी ने ओडिशा से मार्च, 2023 में अरेस्ट किया था। वह वहां ईंट भट्टे पर मजदूरी करता मिला था। इसके बाद कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए एसओजी आरपीएससी सदस्य बाबूलाल कटारा तक पहुंची थी। फिलहाल अनिल मीणा जेल में है।

### सारण- ढाका की संपत्ति भी सीज कर चुकी ईडी

पेपर लीक गिरोह के बदमाश भूपेंद्र सारण और सुरेश ढाका की प्रॉपर्टी को भी ईडी ने जब्त किया था। उनकी जयपुर स्थित प्रॉपर्टी पर ईडी ने कार्रवाई कर वहां बोर्ड लगाए। अब शेरसिंह मीणा की संपत्ति पर कार्रवाई की गई है। ऐसे में माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में पेपर लीक की काली कमाई से बेशकीमती संपत्ति बनाने वाले कई बदमाशों की प्रॉपर्टी पर ईडी शिकंजा कस सकती है।

## जरूरी खबर

### राजकोट-लालकुआं के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



**बेधड़क. जयपुर।** रेलवे की ओर से होली पर्व पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए लाल कुआं-राजकोट-लालकुआं स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 05045, लाल कुआं-राजकोट स्पेशल रेलसेवा 24 व 31 मार्च को लाल कुआं से दोपहर 1.10 बजे रवाना होकर मध्य रात्रि जयपुर स्टेशन पर रात्रि 00.35 बजे आएगी व 00.45 बजे जाते हुए सोमवार को शाम 6.10 बजे राजकोट पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी 25 मार्च व 1 अप्रैल को राजकोट से प्रत्येक सोमवार रात 10.30 बजे रवाना होकर मंगलवार को जयपुर स्टेशन पर दोपहर 3.50 बजे आएगी ।

### आरटीडीसी की ओर से कॉन्क्लेव आयोजन कल

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान पर्यटन विकास निगम (आरटीडीसी) की ओर से 14 मार्च को शाम 5 बजे, पड़ाव कैफेटेरिया, नाहरगढ़ जयपुर पर "आरटीडीसी कॉन्क्लेव 2024" का आयोजन होगा। प्रबंध निदेशक अनुपमा जोरवाल ने बताया कि उप मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार दिया कुमारी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं केबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार जोरा राम कुमावत विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने ने बताया कि कॉन्क्लेव में निगम की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि एवं गौरव पूर्ण यात्रा के बारे में एवं साथ ही साथ प्रमुख होटल्स के बारे में भी विस्तृत बताया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय प्रमुख व्लोगर्स एवं पत्रकारों के साथ भी संवाद किया जाएगा।

### 1220 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती की स्वीकृति



**बेधड़क. जयपुर।** उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने 70 हजार सरकारी नौकरी देने की बजट घोषणा को मूर्त रूप देने के कड़ी में चिकित्सा अधिकारियों के 1220 रिक्त पदों पर भर्ती करने के प्रस्ताव को वित्तीय स्वीकृति देकर युवाओं को तोहफा दिया है। वित्त विभाग के शासन सचिव, वित्त (व्यय) नरेश ठकराल ने बताया कि1220 चिकित्सा अधिकारियों की भर्ती राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के माध्यम से की जाएगी।

#### जाट विरोध के चलते और राहुल कस्वां के कांग्रेस में जाने के बाद भाजपा ने बदली रणनीति

# राठौड़ रेस से बाहर, पूनियां की जगह कटारिया को उतारेगी BJP

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल जीत के लिए मजबूत उम्मीदवारों के लिए मशक्कत कर रहे हैं। राजनीतिक समीकरणों को साधने के लिए बड़े-बड़े दिग्गज नेताओं को पार्टियों ने टिकट की रेस से बाहर कर दिया है।

अब चूरू में सांसद राहुल कास्वां के समर्थन में उठी जाट लहर ने बीजेपी को रणनीति बदलने पर मजबूर कर दिया है। जानकारी के मुताबिक, जाटों के विरोध के चलते राजसमंद के दावेदारों की सूची में राजेंद्र राठौड़ नाम अब बाहर हो गया है। वहीं, पूर्व बीजेपी





अध्यक्ष सतीश पूनिया की जगह अब बीजेपी लालचंद कटारिया पर दांव लगाना चाहती है। पूनिया ने तो सोशल मीडिया पर इसके संकेत दे भी दिए हैं। उन्होंने अब से कुछ देर पहले एक्स पर डाली पोस्ट में लिखा, फिर भी मैं व्यापक जनहित में अपने विकास के संकल्प को निभाता रहूंगा।

लोकसभा चुनावों के लिए बीजेपी की पहली सूची में सीट के जातिगत समीकरणों में कोई बदलाव नहीं किया गया। लेकिन राहुल कस्वां के पार्टी से एक्जिट ने बीजेपी के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राहुल कस्वां के समर्थन में जाटों की सहानुभूति के चलते अब बीजेपी ने राजसमंद से राजेंद्र राठौड़ के नाम पर विचार बंद कर दिया है। कांग्रेस यहां सुदर्शन रावत को टिकट देने का मन बना चुकी है, जो इस सीट पर सबसे बड़ी ओबीसी जाति से आते हैं।

संभावना है कि बीजेपी अब यहां किसी रावत को ही आगे बढ़ाए। इनमें डॉ. अरविंद सिंह रावत का नाम भी चर्चाओं में है।

#### अजमेर से वैश्य, भीलवाड़ा में राजपूत, जयपुर ग्रामीण में जाट

पहले जयपुर ग्रामीण सीट के लिए राजपूत चेहरे राव राजेंद्र सिंह का नाम लगभग फाइनल था। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। जयपुर ग्रामीण से इस बार बीजेपी जाट चेहरे लालचंद कटारिया को उतार सकती है, जो कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं। पिछले लोकसभा चुनावों में बीजेपी ने यहां राजपूत चेहरे कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ को टिकट दिया था। अजमेर सीट पर बीजेपी इस बार जाट की जगह किसी वैश्य चेहरे को उतार सकती है। साल 2009 में बीजेपी ने यहां कांग्रेस के सचिन पायलट के सामने किरण माहेश्वरी को टिकट दिया था, जो वैश्य वर्ग से आती थीं। इस बार यदि पार्टी वैश्य वर्ग में रिजु झुंझुनूवाला को टिकट दे सकती है, जो हाल में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल हुए हैं।

#### राजसमंद में रावतों का हो सकता है मुकाबला

राजसमंद सीट पर बीजेपी अब तक राजपूत चेहरे उतारती रही है। पिछली बार यहां दीया कुमारी को टिकट दिया गया था। लेकिन कांग्रेस ने इस बार यहां पूर्व विधायक सुदर्शन सिंह रावत को टिकट देने का मन बना लिया है। रावत यहां सबसे बड़ी ओबीसी जाति है, जिनकी तादाद यहां करीब 3.5 लाख है। ऐसे में बीजेपी भी अब इस सीट पर किसी रावत को ही उतारने की कोशिश कर रही है। वहीं भीलवाड़ा में बीजेपी मौजूदा सांसद सुभाष बहेड़िया का टिकट काटकर किसी राजपूत चेहरे को वहां से उतार सकती है।

#### प्रदेश में रेलवे की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

# दस वर्षों में रेलवे का कायाकल्प विकसित भारत की गारंटी: मोदी

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को गुजरात के अहमदाबाद में रेलवे की 85 हजार करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास-लोकार्पण तथा वन्दे भारत ट्रेनों सहित अन्य रेल सेवाओं का हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया जिनमें राजस्थान को भी कई सौगातें मिली।

इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय रेल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभा रही है। देश के विकास की गाड़ी रेलवे ट्रैक पर तीव्र गति से दौड़ रही है। उन्होंने कहा कि गत 10 वर्षों में रेलवे का जो कायाकल्प हुआ है, वो विकसित भारत की गारंटी है।

वहीं वहीं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस अवसर पर जैसलमेर रेलवे स्टेशन परिसर में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत के विकास रथ को जो तेज गति दी है, उससे पूरी दुनिया अचंभित है। शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार रेलवे, सड़कों, हाईवे एवं एयरपोर्ट के विकास के नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है तथा अपने कार्यकाल में विकास कार्यों का शिलान्यास-लोकार्पण कर उन्हें समय पर जनता को समर्पित कर रही है। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक महंत प्रताप पुरी, छोटू सिंह, मुख्य सचिव सुधांश पंत एवं संभागीय आयुक्त बी. एल. मेहरा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। इस अवसर पर संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, विधायक महंत प्रताप पुरी, छोटू सिंह, मुख्य सचिव सुधांश पंत एवं संभागीय आयुक्त बी. एल. मेहरा सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, रेलवे के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।






#### स्टॉल का भी लोकार्पण



पीएम मोदी लोकल फॉर वोकल को प्रमोट करने के लिए भी 'एक स्टेशन, एक उत्पाद स्टॉल' का लोकार्पण किया। राजस्थान के जयपुर, अलवर, दौसा और रींगस रेलवे स्टेशन पर इन स्टॉल्स का लोकार्पण किया। साथ ही जोन के रेवाड़ी और धानक्या स्टेशन पर माल गोदाम का शिलान्यास किया। जयपुर स्टेशन पर कार्यक्रम के दौरान जयपुर शहर सांसद रामचरण बोहरा, सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा, हेरिटेज निगम की महापौर मुनेश गुर्जर, स्टेशन डायरेक्टर मिहिर देव भी उपस्थित रहे।

#### रेलवे ने 9 हजार 7 सौ करोड़ रुपए का बजट

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश प्रत्येक क्षेत्र में विकास के नए रिकॉर्ड बना रहा है और रेलवे भी इससे अछूता नहीं है। शर्मा ने कहा कि इस वर्ष के बजट में राजस्थान के लिए 9 हजार 7 सौ करोड़ रुपए से अधिक का रिकॉर्ड प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तीन माह के अल्प कार्यकाल में ही राज्य सरकार ने संकल्प पत्र के करीब 40 फीसदी वादों पर काम शुरू कर दिया है तथा समयबद्ध रूप से हर वादे को पूरा किया जाएगा।

#### राजस्थान को मिली ये सौगातें

- 1. अजमेर-दिल्ली-केंट वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का चण्डीगढ़ तक विस्तार को हरी झंडी
- 2. कुचामन सिटी-नावां सिटी व फुलेरा गोविंदी मारवाड़ रेल खण्डों का दोहरीकरण का लोकार्पण
- 3. जोधपुर कारखाने के आधुनिकीकरण कार्य का लोकार्पण
- 4. जैसलमेर में ट्रेन अनुरक्षण डिपो निर्माण कार्य का शिलान्यास
- 5. वन स्टेशन वन प्रोडक्ट स्टॉल्स का लोकार्पण
- 6. गति शक्ति कार्गो टर्मिनल व गुड्स शेड का लोकार्पण
- 7. भगत की कोठी स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

#### छोटी सादड़ी में खुलेगा सेशन कोर्ट

# सीएम ने चित्तौडगढ़ में दी विकास कार्यों की सौगात



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने चित्तौडगढ़ में विकास कार्यों की सौगात दी। शर्मा ने निम्बाहेड़ा से मंगलवाड तक 40 किलोमीटर लम्बी 4 लेन सड़क निर्माण की घोषणा की। साथ ही, मुख्यमंत्री ने छोटी सादड़ी में अपर जिला न्यायालय खोलने, कृषि उपज मण्डी समिति निम्बाहेड़ा एवं छोटीसादड़ी में कार्यालय भवन, किसान कलेवा भवन सहित अन्य विकास कार्यों की घोषणा की।

इसके अतिरिक्त, मुख्यमंत्री ने निम्बाहेड़ा के कनेरा से सेमलिया महादेव तक (2.50 किलोमीटर), एनएच-113 से गोठडा तक (2.80 किलोमीटर) एवं साठोला से काकरा तक (6 किलोमीटर) की सड़क निर्माण, बड़ीसादड़ी में एनएच-113 से कदमाली तक 4.80 किलोमीटर सड़क का सुदृढ़ीकरण एवं 3 किलोमीटर की कनेरा निम्बोदा सड़क निर्माण के विकास कार्यों की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट बनाने की बजट घोषणा में चित्तौड़गढ़ के विभिन्न स्थल को भी शामिल किया जाएगा।

इस दौरान सभा को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आज देश के किसान समृद्धि के वाहक बन रहे हैं। हमारी सरकार ने गेहूं की एमएसपी पर 125 रुपए का अतिरिक्त बोनस देते हुए 2400 रुपए प्रति क्विंटल करने और किसान सम्मान निधि को 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार रुपए करने जैसे कृषक कल्याण के अहम निर्णय किए है।

इस अवसर पर राजस्व मंत्री हेमंत मीना, सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार, सांसद सी.पी जोशी, राज्यसभा सांसद चुन्नीलाल गरासिया एवं विधायकगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

#### पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान का सम्मान समारोह

## सर्वोत्तम सेवा के लिए किया सम्मानित

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला स्तरीय सम्मान समारोह का आयोजन जवाहर नगर स्थित बफेट हाउस में आयोजित हुआ। समारोह में अभियान में सर्वोत्तम सेवा देने वाले चिकित्सा संस्थानों को सम्मानित किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. हंसराज भदालिया ने अभियान में उल्लेखनीय सेवा देने वाले चिकित्सा संस्थानों को सम्मानित किया। सुरक्षित मातृत्व अभियान के जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जिला जयपुर प्रथम में



उल्लेखनीय एएनसी सेवाओं में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, आमेर प्रथम, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, चौमू द्वितीय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जयसिंहपुरा खोर तृतीय स्थान पर रहे। इन स्थानों पर प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार एएनसी सेवाओं में शहरी क्षेत्र की सिटी डिस्पेंसरी नाहरी का नाका को प्रथम स्थान, डीएचपी मोती का कटला द्वितीय स्थान और यूपीएचसी रामपुरी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इन संस्थानों के प्रतिनिधियों को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार द्वितीय श्रेणी में उल्लेखनीय सेवा प्रदान करने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, भावनी प्रथम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अचरोल द्वितीय और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रायसर तृतीय स्थान पर रहे। जिला जयपुर द्वितीय में भी दो श्रेणियों में चिकित्सा संस्थानों को सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणी में सेटेलाईट अस्पताल सांगानेर प्रथम स्थान पर, उप जिला अस्पताल दूदू द्वितीय स्थान पर और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांभर तृतीय स्थान पर रहे।

#### माली-सैनी समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन

## 52 जोड़े बने जीवन की राह के हमसफर

बेधड़क | चाकसू

माली-सैनी समाज की ओर से फूलरा दूज पर तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें समाज के 51 जोड़ों ने जीवन राह पर साथ चलने के लिए एक-दूजे का हाथ थामा। महात्मा ज्योतिबा फुले संस्थान अध्यक्ष राधेश्याम मौर्य जादम ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन में सामाजिक रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया।

संत शिरोमणि धन्नापीठाधिश्वर बजरंग देवाचार्य महाराज, विधायक रामावतार बैरवा, पालिका चेयरमैन कमलेश बैरवा सहित कई गणमान्य अतिथियों ने



नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर विधायक रामावतार नें कहा कि ऐसे समाजिक आयोजनो में सबको आगे आना चाहिए, जिससे समाज नई दिशा की ओर आगे बढ़ सके। पार्षद सुरेश सैनी ने बताया कि सम्पूर्ण समाज के सहयोग से आयोजित किए गए विवाह सम्मेलन में समाज के भामाशाहों ने बढ़ चढ़कर सहयोग दिया। इसके लिए समाज के भामाशाह, सामाजिक कार्यकर्ताओं का साफा व माला पहना कर स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रामधन सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश शर्मा, युवा नेता लालाराम जादम सहित जयपुर, टोक, मालपुरा, दौसा, सहित आस-पास के क्षेत्र से समाजबंधु शामिल हुए।

#### राजस्थान की 8 सीटों पर भाजपा-कांग्रेस के मुकाबले की तस्वीर साफ

# चूरू से झाझड़िया के सामने कांग्रेस ने राहुल कस्वां को मैदान में उतारा

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी ने पैरालंपिक खिलाड़ी देवेंद्र झाझड़िया को चूरू संसदीय क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है। वहीं अब कांग्रेस ने भाजपा छोड़ पार्टी में आए राहुल कस्वां को झाझड़िया के सामने मैदान में उतार दिया है।

देवेंद्र झाझड़िया की राजनीति में पहली बार एंट्री हुई है। ये करीब ढाई दशक से खेलों में सक्रिय हैं। जबकि राहुल कस्वां चूरू से बीजेपी के वर्तमान सांसद हैं। लेकिन इस बार बीजेपी ने पांच वर्तमान सांसदों का टिकट काटकर नए चेहरों को





मौका दिया। इनमें चूरू के सांसद राहुल कस्वां भी शामिल है। उनकी जगह पैरा ओलंपिक के खिलाड़ी देवेंद्र झाझरिया को टिकट दिया गया। इसके बाद ही राहुल कस्वां और बीजेपी में रार शुरू हो गई। मंगलवार को कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की। इस लिस्ट में 43 नाम शामिल हैं। जिसमें राजस्थान की 10 सीटों से भी प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गई है। कांग्रेस ने चूरू से राहुल कस्वां को चुनावी मैदान में उतार दिया है। कस्वां यहां से बीते दो टर्म से सांसद हैं। हालांकि दोनों बार उन्होंने भाजपा से चुनाव जीता था।

#### इन सीटों पर टिकट तय

**भरतपुर:** भरतपुर से वर्तमान सांसद रंजीता कोली का टिकट काटकर भाजपा ने पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली को मैदान में उतारा है। कोली भरतपुर लोकसभा सीट से 2004 में भाजपा से सांसद रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने संजना जाटव को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने इस सीट पर अभिजीत कुमार जाटव को टिकट दिया था। इस कठूमर से विधानसभा प्रत्याशी रहीं संजना जाटव को टिकट दिया गया है।

**जोधपुर:** बीजेपी ने यहां मौजूदा सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को फिर से टिकट दिया है। हालांकि, इस बार क्षेत्र में बीजेपी विधायक बाबू सिंह राठौड़ उनका विरोध कर रहे थे। लेकिन पिछले दिनों सीएम भजनलाल शर्मा से मुलाकात के बाद मामला ठीक हो गया। इधर कांग्रेस ने करण सिंह उचियारड़ा पर भरोसा जताया है। वह कांग्रेस में महासचिव हैं।

**अलवर :** भाजपा ने सांसद बाबा बालकनाथ का टिकट काट कर इस बार संगठन के व्यक्ति भूपेंद्र यादव को दिया है। हालांकि, भूपेंद्र यादव का यह पहला लोकसभा चुनाव है। लेकिन उनके पास संगठन का लंबा अनुभव है और पार्टी में बढ़ा कद भी है। वहीं कांग्रेस ने ललित यादव को यादव के जवाब में मैदान में उतारा है। ललित यादव मुंडावर से विधायक हैं। अलवर में अब दो यादवों के बीच सीधा मुकाबला होगा।

**बीकानेर:** केंद्र में न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल बीकानेर में बीजेपी के मौजूदा सांसद हैं। इस बार भी बीजेपी ने उन्हें यहां फिर से टिकट दिया है। कांग्रेस यहां से गोविंद राम मेघवाल को टिकट दिया है। पिछले लोकसभा चुनावों में मदनगोपाल मेघवाल को टिकट दिया था। गोविंद राम मेघवाल पिछली गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव में वे हार गए।

**जालौर-सिरोही:** बीजेपी ने यहां अपने मौजूदा सांसद देवजी पटेल का टिकट काटकर संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहे लूंबाराम चौधरी को मैदान में उतारा है। देव जी पटेल को बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में टिकट दिया था, लेकिन वह हार गए। वहीं पूर्व सीएम अशोक गहलोत के पुत्र वैभव गहलोत को जालौर-सिरोही से कांग्रेस ने टिकट दिया है। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी ने इस सीट से सिर्फ वैभव का नाम ही आगे किया था।

**उदयपुर:** बीजेपी ने यहां दो बार के सांसद अर्जुनलाल मीणा का टिकट काट कर मन्नालाल रावत को मैदान में उतारा है। वह उदयपुर में आरटीओ पद पर थे और टिकट का एलान होने तक वे राजस्थान परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त जयपुर में सेवारत थे। इधर कांग्रेस ने मन्नालाल के सामने ताराचंद मीणा को उतारा है।

**चित्तौड़गढ़:** बीजेपी ने चित्तोड़गढ़ सीट से मौजूदा सांसद और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी को टिकट दिया है। वहीं कांग्रेस ने पूर्व कैबिनेट मंत्री उदललाल आंजना को मैदान में उतारा है। हालांकि, विधानसभा चुनाव में आंजना हार गए थे।

## जरूरी खबर

### बिना हेलमेट के रोका तो कांस्टेबल पर चढ़ाई बुलेट



**जयपुर।** नाकाबंदी कर रहे कॉन्स्टेबल को बुलेट सवार युवक के 20 मीटर तक घसीटते हुए ले जाने के साथ गिरेबान पकड़कर धमकाने का मामला सामने आया है। शिप्रापथ थाना पुलिस ने आरोपी युवक को अरेस्ट कर बुलेट जब्त कर ली है। एसएचओ अमित कुमार ने बताया कि शिप्रापथ थाने के एसआई नरेन्द्र सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि रविवार रात मॉर्डन स्कूल तिराहा पर बेरिकैड लगाकर नाकाबंदी लगाई गई थी। गुर्जर की थड़ी से रॉयल एनफील्ड बुलेट पर एक लड़का बिना हेलमेट के आते दिखाई दिया। सिंह के रुकने का इशारा किया तो युवक ने नाकाबंदी तोड़ते हुए कॉन्स्टेबल पूरण पर बाइक चढ़ाने का प्रयास किया और करीब 15-20 मीटर दूर तक घसीटते हुए ले गया। पुलिसकर्मियों की मदद से रोका तो नरेन्द्र का गिरेबान पकड़कर धमकाने लगा। पुलिस ने आरोपी अमर जीत (21) पुत्र महावीर सिंह निवासी मुण्डावर अलवर हाल पंचवटी कॉलोनी खातीपुरा रोड को अरेस्ट कर बुलेट जब्त कर ली।

### पुष्प फागोत्सव एवं नानी बाई का मायरा आज



**जयपुर।** श्री श्याम सरकार मित्र मंडल की ओर से मालवीय नगर सेक्टर 9 में दशहरा मैदान के पास 13 मार्च को पुष्प फागोत्सव एवं नानी बाई का मायरा का आयोजन किया जाएगा और छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी। कार्यक्रम में दिनेश संगम अपने भजन गायन करेंगे। संयोजक गिर्राज प्रजापत, संजय, अशोक चौधरी द्वारा एवं मीडिया प्रभारी अविनाश पोखरना ने बताया कि 6 वर्ष से कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा रहा है।

**एसआई भर्ती परीक्षा 2021: आरोपियों को एसओजी की टीम ने कोर्ट में किया पेश**

# पेपर लीक में गिरफ्तार 14 ट्रेनी SI को सौंपा 6 दिन की रिमांड पर

बेधड़क | जयपुर

एसआई भर्ती परीक्षा 2021 में पेपर लीक कर पास हुए 14 प्रशिक्षु एसआई को कोर्ट ने 6 दिन की रिमांड पर सौंपा है। एसओजी ने कोर्ट से सभी आरोपियों की 9 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट छह दिन की ही दी। एसओजी की टीम पहले 6 महिला ट्रेनी एसआई को कोर्ट लेकर पहुंची। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मामले में गिरफ्तार एसआई चंचल विश्नोई की मां अपनी 3 महीने की नातिन के साथ कोर्ट में मौजूद रहीं। महिला एसआई को कोर्ट में पेश करने के बाद 8 पुरुष एसआई को भी कोर्ट में पेश किया गया। पिछली सुनवाई में महिला और पुरुष एसआई से कोर्ट में हुई मारपीट के चलते इस बार सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई।





### गिरफ्तार एसआई में गोदारा का बेटा भी

जिन प्रशिक्षु उप निरीक्षक (SI) की गिरफ्तारी हुई है, उनमें नागौर के पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश गोदारा का बेटा भी है। गिरफ्तार एसआई करणपाल गोदारा की 22वीं रैंक थी। बेटे की गिरफ्तारी के दिन से ओमप्रकाश अवकाश पर हैं।

### दस्तावेजों की जांच शुरू की गई तो पकड़े गए आरोपी

29 फरवरी को एसओजी की गिरफ्त में आए जेईएन भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड जगदीश विश्नोई (41) से हुई पूछताछ के बाद कई चौंकाने वाली जानकारी सामने आई थी। जगदीश ने बताया था कि एसआई भर्ती 2021 में भी तमाम कैंडिडेट्स को पेपर उपलब्ध कराए थे। जांच करने पर आरपीए में ट्रेनिंग कर रहे सब-इंस्पेक्टर (एसआई) संदिग्ध पाए गए। उनके दस्तावेजों की जांच शुरू की गई और फिर उनको पकड़ा गया।

### 23 एसआई की डिग्रियां फर्जी

जयपुर में एसओजी ने इन 14 एसआई के शैक्षणिक दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच की तो डिग्रियों के रिकॉर्ड में हेरफेर होना पाया है। ऐसे में एसओजी ने 40 एसआई को चिह्नित किया, इनमें से 23 एसआई की डिग्रियां फर्जी मिली हैं। अब एसओजी अन्य दस्तावेजों की भी जांच कर रही है। वहीं, एफएसएल की टीम ने गिरफ्तार 14 एसआई के हस्ताक्षर व हैंड राइटिंग के नमूने लिए। जयपुर में जांच के दौरान सभी से खुद के 32 हस्ताक्षर करवाने के साथ पैराग्राफ लिखवाया गया।

**प्रसंज्ञान: पुलिस, जेडीए और निगम अधिकारियों को किया तलब**

# अतिक्रमण को लेकर कोर्ट सख्त कहा- रिपोर्ट नहीं एक्शन चाहिए

बेधड़क | जयपुर

सड़कों और फुटपाथ पर अवैध अतिक्रमण पर नाराजगी जताते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने कहा कि 'हमें रिपोर्ट नहीं, एक्शन चाहिए। हमेशा हम बोल देते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है।'

जस्टिस समीर जैन की खंडपीठ ने मंगलवार को मीडिया रिपोर्ट्स के आधार पर मामले में प्रसंज्ञान लेते हुए जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए), जयपुर नगर निगम और पुलिस के अधिकारियों को तलब कर लिया।

राजस्थान हाईकोर्ट ने मामले में मंगलवार सुबह प्रसंज्ञान लिया और दोपहर 2 बजे अधिकारियों को कोर्ट में उपस्थित होने के आदेश दिए। कोर्ट के आदेश के बाद जेडीसी, ग्रेटर और हेरिटेज निगम के आयुक्त, जयपुर पुलिस कमिश्नर वीसी के जरिए और ट्रैफिक डीसीपी व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने अधिकारियों से कहा कि शहर में फुटपाथ पर दुकानदारों और फुटकर व्यवसायियों ने अवैध कब्जा कर रखा है। वहीं सार्वजनिक पार्किंग की जगह पर लोगों ने अतिक्रमण कर लिया है। इससे लोग सड़क पर वाहन पार्क करते हैं और ट्रैफिक जाम होता है।




### थानेवार वकीलों की लिस्ट सबमिट करें

कोर्ट ने मामले में एडवोकेट शोवित झाझड़िया को प्रमुख न्यायमित्र नियुक्ति किया है। वहीं हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष प्रह्लाद शर्मा से कहा है कि वह थानेवार वकीलों की लिस्ट कोर्ट में सबमिट करें, जो अतिक्रमण को लेकर संबंधित थाने के एसएचओ को सूचित करेगा। वहीं, एसएचओ निगम और जेडीए अधिकारियों को सूचित करके अतिक्रमण हटाना सुनिश्चित करें।

### कोशिश कर रहे हैं अतिक्रमण नहीं हो

निगम आयुक्त ने कोर्ट में कहा कि हम अस्थायी अतिक्रमण को लेकर समय-समय पर चालान भी करते हैं, लेकिन जयपुर शहर में प्रतिदिन नए लोग आते हैं। नए-नए लोग थड़ी-ठेला लगा लेते हैं। हम कोशिश कर रहे हैं कि मुख्य सड़कों और चौराहों पर अतिक्रमण नहीं हो। कोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से भी पूछा कि आप इसे लेकर क्या कर सकते हो। इस पर कमिश्नर ने कहा कि हम ड्राइव चलाकर अतिक्रमण हटाने का प्रयास करेंगे। कोर्ट में मौजूद ट्रैफिक डीसीपी ने कहा कि हम 7 दिन में शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों से अतिक्रमण हटाकर कोर्ट में रिपोर्ट सब्मिट कर देंगे। इस पर कोर्ट ने कहा कि हमें रिपोर्ट नहीं, एक्शन चाहिए। हमेशा हम बोल देते हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है।

### ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की तीन साल बीत जाने के बाद भी नहीं हुई बैठक

सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद एडवोकेट आर ए कट्टा ने कोर्ट को बताया कि जयपुर में पिछले तीन साल से ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड की बैठक ही नहीं हुई है। ट्रैफिक कंट्रोल बोर्ड का गठन ही इस तरह की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ था, लेकिन इसकी बैठकें ही नहीं हो रही है। वहीं कोर्ट में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता आरएन माथुर ने कोर्ट में कहा कि पुलिस की नफरी में कमी भी इस तरह की समस्या का एक कारण हैं। पुलिस में कई संवर्ग के पद खाली पड़े हैं, जिन्हें भी भरा जाना जरूरी है।

**जयपुरिया हॉस्पिटल में प्रदर्शन**

# समय पर सैलरी नहीं मिलने से किया कार्य बहिष्कार



बेधड़क | जयपुर

राजकीय जयपुरिया हॉस्पिटल में समय पर सैलरी नहीं मिलने से नाराज कॉन्ट्रैक्ट कर्मचारियों, वार्ड बॉय, ट्रॉली मैन, एंबुलेंस कर्मचारियों ने काम का बहिष्कार कर प्रदर्शन किया। इससे हॉस्पिटल में काम प्रभावित हुआ। हालांकि इस आंदोलन में कम्प्यूटर कर्मचारी शामिल नहीं हुए। दरअसल पिछले कुछ समय से कर्मचारियों को कॉन्ट्रैक्टर समय पर सैलरी नहीं दे रहा।

कर्मचारियों ने बताया कि इस बार सैलरी नहीं आने पर ठेकेदार विक्रम सिंह को एम्बुलेंस ड्राइवर रमेश चन्द्र सैनी ने तकादा किया। इस पर दोनों की बहस हो गई और ठेकेदार ने ड्राइवर के साथ अभद्र व्यवहार किया। इससे नाराज होकर कर्मचारियों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले कुछ महीनों से सैलरी समय पर नहीं मिल रही। इस कारण उन्हें परेशानी हो रही है। कॉन्ट्रैक्टर उन्हें कभी 20 तारीख को सैलरी देता है तो कभी उससे आगे की तारीख को। प्रदर्शन करने के बाद कर्मचारियों ने हॉस्पिटल अधीक्षक डॉ. महेश मंगल को ज्ञापन सौंपा और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई करने और उससे सैलरी दिलाने की मांग की। अधीक्षक ने कर्मचारियों की बात सुनने के बाद उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द सैलरी दिलवा दी जाएगी और ठेकेदार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


**जयपुर-दुबई फ्लाइट के एयरक्राफ्ट से भेजे यात्री**

## इमरजेंसी गेट में खराबी, फ्लाइट हुई लेट

बेधड़क | जयपुर

एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह जयपुर से अहमदाबाद जाने वाली फ्लाइट के इमरजेंसी गेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण जयपुर से अहमदाबाद, दुबई और चेन्नई जाने वाली स्पाइस जेट की फ्लाइट लेट हो गई। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक स्पाइसजेट की फ्लाइट SG-9007 जो जयपुर से अहमदाबाद जाती है। उसके इमरजेंसी गेट में तकनीकी खराबी होने से फ्लाइट को रोका गया। इस खराबी को ठीक करने में समय लगा गया, इसके बाद इन विमान के यात्रियों को अहमदाबाद भेजने के लिए जयपुर-दुबई फ्लाइट के एयरक्राफ्ट को उपयोग में लिया गया। जयपुर से दुबई जाने वाली फ्लाइट जो निर्धारित समय 9:25 बजे जयपुर से उड़ान भरती है। इस फ्लाइट अहमदाबाद जाकर आने में समय लगने के कारण 2:20 बजे रवाना हुई। इस पूरे घटनाक्रम के कारण जयपुर-चेन्नई जाने वाली फ्लाइट SG-216 लेट हो गई।



स्पाइस जेट की जयपुर-चेन्नई फ्लाइट सुबह 9:30 बजे रवाना होती है, लेकिन खराब हुए विमान को ठीक करने में समय लगा गया, इसके कारण इस फ्लाइट को दोपहर 2 बजे बाद रवाना किया गया।

**सराफ ने जनकल्याण समिति कार्यकारिणी को दिलाई शपथ**

## मालवीय नगर में सीवरेज पर 80 करोड़ खर्च होंगे

बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर में सीवरेज व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए 80 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। सेक्टर 5 में विधायक कोष से सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।




यह घोषणा क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ ने सुरक्षा एवं जनकल्याण समिति सेक्टर 5 की नवगठित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में की। अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा, उपाध्यक्ष ओम स्वामी, महासचिव रवि अग्रवाल, सह सचिव अरुण पांडे, कोषाध्यक्ष डीएन लेडवानी सहित 21 सदस्यीय कार्यकारिणी को शपथ दिलाई गई। क्षेत्रीय पार्षद रामप्रसाद शर्मा एवं ओम स्वामी की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम सराफ ने बताया कि 454 करोड़ लागत की अमृत योजना के तहत नगर निगम ग्रेटर में क्षतिग्रस्त सीवर लाइनों को बदलने के साथ आवश्यकता अनुसार सीवरेज लाइनों का आकार बढ़ाया जाएगा। मालवीय नगर में बढ़ते यातायात तथा प्रदूषित खुले नाले को कवर करके खेल मैदान एवं पार्किंग स्थल विकसित करने के लिए राज्य तथा केंद्र सरकार से भी वित्तीय सहयोग की योजना बनाई गई है। सर्राफ ने बताया कि पिछले दशकों में आवासीय कालोनियों में विधायक कोष से लगभग 12000 गेट लगवाए गए हैं। सेक्टर 5 सहित 3 कॉलोनियों में इनका सुचारू संचालन हो रहा है। व्यवस्था प्रमुख देवेंद्र खन्ना, राजकुमार परवानी, आर एल नागपुरिया, संजय अरोड़ा, रेखा अग्रवाल एवं तारा अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया।

**हड़ताल पर गए सफाई कर्मचारी**

# राजधानी में घरों से नहीं उठा कचरा, गलियों-सड़कों पर नहीं हुई सफाई

बेधड़क | जयपुर

सफाई कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया के विरोध में वाल्मीकि समाज से जुड़े कर्मचारी मंगलवार को हड़ताल पर रहे। संयुक्त वाल्मीकि एवं सफाई श्रमिक संघ के बैनर तले इन कर्मचारियों जयपुर के परकोटा में प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता देने की मांग की।

इस दौरान शहर में डोर टू डोर कचरा संग्रहण का काम बंद रहा। कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार के कारण जयपुर में सफाई व्यवस्था बिगड़ गई है। राजधानी की सड़कों पर न तो सफाई हुई और न ही हूपर से घर-घर कचरा संग्रहण हुआ। इस कारण राजधानी में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। मुख्य बाजारों की सड़कों पर कचरा ही कचरा नजर आया। जयपुर नगर निगम हेरिटेज और ग्रेटर के 8 हजार 500 से ज्यादा सफाई कर्मचारी हैं, जिनमें से 80 फीसदी कर्मचारी वाल्मीकि समाज से आते हैं। इन कर्मचारियों ने सामूहिक अवकाश लेकर आंदोलन किया और छोटी चौपड़ पर प्रदर्शन किया।



### मांगें पूरी होने तक नहीं करेंगे काम

सफाई श्रमिक संघ अध्यक्ष नंदकिशोर डंडोरिया ने बताया कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता है, तब तक हम काम का बहिष्कार करेंगे। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी की भर्ती मस्टररोल के आधार पर ही होनी चाहिए। इसके अलावा हमारी अन्य मांगों को लेकर हम पहले ही मंत्री से लेकर अफसरों को अवगत करवा चुके हैं। सफाईकर्मी भर्ती में वाल्मीकि समाज को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, ऐसे में मजबूरन हमें ये कदम उठाना पड़ा।

### लॉटरी से भर्ती का पुरजोर विरोध

डंडोरिया ने कहा की स्वायत्त शासन विभाग की ओर से 24 हजार 797 पदों पर सफाई कर्मचारी भर्ती लॉटरी के आधार पर की जा रही है। साल 2018 की तर्ज पर कराई जा रही इस भर्ती का हम पुरजोर विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि जिन कर्मचारियों या कहें अभ्यर्थियों ने पहले नगर निगम में कॉन्ट्रैक्ट पर काम करके शहर की सफाई की है, उनको प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### प्रदेशभर में आंदोलन की तैयारी

डंडोरिया ने कहा कि हमने दूसरे शहरों की निकायों में काम करने वाले वाल्मीकि समाज के कर्मचारियों से भी आंदोलन शुरू करने का आग्रह किया है। इसके लिए कुछ शहरों की निकायों ने इस पर मंथन शुरू कर दिया और जल्द ही फैसला करके आंदोलन की रूपरेखा तय करेंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जयपुर समेत पूरे राज्य में 50 हजार सफाई कर्मचारी हैं।

### नहीं चले 500 से ज्यादा हूपर

जयपुर में सफाई कर्मचारियों के कार्य बहिष्कार का सबसे ज्यादा प्रभाव डोर टू डोर कचरा संग्रहण पर दिखा। जयपुर नगर निगम ग्रेटर और हेरिटेज एरिया में 500 से ज्यादा हूपर हर रोज घरों और बाजारों में दुकानों से कचरा संग्रहण करके उनको ट्रांसफर स्टेशन तक पहुंचाते हैं, लेकिन आज ये गाड़ियां भी बंद रही। इन पर लगे लगभग सभी कर्मचारी वाल्मीकि समाज से ही हैं।

## जरूरी खबर

### रेवेन्यू के अधिवक्ता पर जानलेवा हमले के विरोध में प्रदर्शन



**अजमेर।** एडवोकेट पर जानलेवा हमले के मामले में राजस्थान रेवेन्यू बार एसोसिएशन की ओर से मंगलवार को प्रदर्शन किया गया। एसोसिएशन के वकीलों ने एडिशनल एसपी सिटी को ज्ञापन देकर एडवोकेट पर जानलेवा हमला करने वालों पर कार्रवाई करने और अधिवक्ता पर हुए झूठे मुकदमे को समाप्त करने की मांग की गई। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि 9 मार्च को जिला बार एसोसिएशन के सदस्य राजदीप सिंह चौधरी अपने निजी कार्य से नगरा क्षेत्र में गए थे। जहां महिला पार्षद और अन्य महिला पार्षद पति के बहकावे में भीड़ ने अधिवक्ता राजदीप चौधरी पर जानलेवा हमला किया।

### कांग्रेस विधायक को मिली धमकी, मामला दर्ज

**नागौर।** मकराना विधायक जाकिर हुसैन गैसावत को एक युवक द्वारा फोन पर गाली-गलौच करने और धमकी देने का मामला सामने आया है। विधायक ने इस संबंध में मकराना थानाधिकारी को शिकायत देते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। नागौर जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष गैसावत मकराना से कांग्रेस के विधायक हैं। उन्होंने रिपोर्ट में बताया कि सोमवार सुबह उनके निजी मोबाइल पर किसी राजेंद्र चौधरी उर्फ राजू नाम के युवक का फोन आया था। उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए नागौर आने पर उनके साथ मारपीट करने और मारने की धमकी दी।

### दंडवत करते हुए ज्ञापन देने पहुंचे युवा मित्र



**कोटा।** राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशीप रद्द करने के विरोध में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतरे। प्रदेश सचिव यश गौतम की अगुवाई में प्रदर्शनकारी दंडवत करते हुए कलेक्ट्रेट तक पहुंचे। फिर खून से लेटर भी लिखा। बाद में प्रशासन को ज्ञापन देकर राजीव गांधी युवा मित्रों को फिर से बहाल करने की मांग की। यश गौतम ने बताया गहलोत सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिए राजीव गांधी युवा मित्र इंटर्नशीप प्रोग्राम शुरू किया था। सत्ता में आने के बाद बीजेपी सरकार ने युवा मित्र इंटर्नशीप प्रोग्राम को रद्द कर दिया।

**बाजारों में घूमने वाले गोवंश को नंदी शाला में भेजने की मांग को लेकर बूंदी बंद सफल**

# निराश्रित गोवंश की बेकद्री पर गोभक्तों ने जताया आक्रोश

**बेधड़क | बूंदी**

निराश्रित गोवंश को नगर परिषद की नवनिर्मित नंदी शाला में शिफ्ट करने की मांग को लेकर शहर के बाजार मंगलवार को बंद रहे। गोभक्तों और व्यापारी वर्ग ने इसका आह्वान किया था। इस दौरान शहर के निजी स्कूलों में भी अवकाश रहा।

अभिभाषक परिषद से जुड़े वकीलों ने भी इस मांग के समर्थन में सांकेतिक न्यायिक कार्य स्थगित रखा। शहर के सभी व्यापारिक संगठनों ने बूंदी बंद का समर्थन किया। दोपहर को शहर के व्यापारी जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने



पहुंचे। यहां पुलिस ने उन्हें मुख्य द्वार पर ही रोक लिया। कलेक्ट्रेट के भीतर दाखिल होने को लेकर व्यापारियों व पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोक झोंक हुई। व्यापारियों ने पुलिस उपाधीक्षक पर शहर के जिम्मेदार व्यापारी बंधुओं के साथ अमर्यादित व्यवहार करने का आरोप भी लगाया। व्यापारियों ने कहा कि वे शांतिपूर्ण तरीके से जिला कलेक्टर को ज्ञापन देने जा रहे थे, लेकिन गेट के बाहर ही उन्हें रोक कर मुकदमा दर्ज करने की धमकियां दी गई। इससे नाराज व्यापारियों ने कलेक्ट्रेट के बाहर ही ज्ञापन चस्पा कर दिया।

इधर, कलेक्ट्रेट के बाहर चल रहा गोपाल गोसेवा संस्थान का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन मंगलवार को 16वें दिन भी जारी रहा।

संयुक्त व्यापार संघ से जुड़े नेता प्रतिपक्ष मुकेश माधवनी ने कहा कि व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन के सभी कार्यक्रमों के बहिष्कार की घोषणा की है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन जिला कलेक्टर ने देवपुरा पटवार हल्के में 28 बीघा भूमि नंदी शाला के लिए आवंटित की थी। इस पर अतिक्रमण हो रखे थे, जिन्हें बड़ी मुश्किल से हटवाया गया।

### मांगें पूरी होने पर ही हटेगा धरना

पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नंदी शाला की अब नगर परिषद की ओर से चारदीवारी करवाई जा चुकी है, लेकिन कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया जा रहा है। उधर गोपाल गो सेवा संस्थान के सचिव गोपाल माहेश्वरी ने कहा कि नगर परिषद के अधिकारी प्रशासन को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस स्टे की बात जिला कलेक्टर व नगर परिषद के आधिकारी कर रहे हैं, उसमें कहीं भी नंदी शाला या नगर परिषद का कोई विवरण नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक गोवंश को नंदी शाला में शिफ्ट नहीं कर दिया जाता तब तक अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। संयुक्त व्यापार महासंघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश एवरग्रीन एवं सचिव प्रशांत मोदी ने कहा कि व्यापारियों के साथ पुलिस के दुर्व्यवहार के विरोध में सभी व्यापार संगठनों ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक बैठकों के बहिष्कार करने का निर्णय किया है।

### बंद के दौरान जताया विरोध

बंद के दौरान व्यापारियों विरोध प्रदर्शन भी किया। मांगों के समर्थन में नारे लगाए। इस दौरान व्यापार महासंघ अध्यक्ष निरंजन जिंदल, नगर परिषद के पूर्व उपसभापति संतोष कटारा, हेयर सैलून एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश कुमार सेन, इंद्रा मार्केट व्यापार संघ वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश बहेडिया, कोटा रोड व्यापार संघ उपाध्यक्ष मनीष शर्मा आदि मौजूद रहे।

**फाल्गुन मेले के पहले ही दिन श्याम भक्ति से सराबोर दिखा माहौल**

# तिलक श्रृंगार के बाद शाम को खुले पट, कतारों में डटे रहे भक्त

**बेधड़क | सीकर**

रींगस कस्बे के खाटूश्यामजी में सोमवार से शुरू हुए मेले के पहले ही दिन माहौल श्याम भक्ति से सराबोर नजर आया। पहले दिन 70 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने श्याम बाबा के दर्शन किए। मेले के दूसरे दिन मंगलवार को सुबह बाबा श्याम का तिलक श्रृंगार हुआ। इसके चलते सोमवार रात 10 बजे से मंदिर में दर्शन बंद हो गए, जो मंगलवार को शाम 4 बजे बाद खुले।

मेले के बीच अब सुबह और शाम की आरती का समय भी बदला गया है। अब सुबह की श्रृंगार आरती 7:45 बजे और शाम की आरती 7 बजे होगी। गौरतलब है कि हर अमावस्या या विशेष पर्व पर बाबा खाटूश्याम का तिलक या फिर सेवा-पूजा की जाती है। इसके चलते मंदिर में दर्शन बंद रखे जाते हैं। बाबा खाटूश्याम का मेला इस बार 21 मार्च तक चलेगा। मेले के पहले दिन सोमवार को 70 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। हालांकि नई व्यवस्थाओं के होने के बाद इस बार खाटू में दर्शनों के लिए भक्तों को आसानी हो रही है। मेले के दौरान करीब 5 हजार पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में लगे हुए हैं। तिलक होने के बाद श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने पर मंदिर लगातार दर्शनों के लिए खुला रहेगा। हालांकि श्रृंगार या साफ-सफाई के लिए कुछ मिनट दर्शन रोके जा सकते हैं। बाबा खाटूश्याम और उनके मंदिर परिसर को इस बार दिल्ली के फूलों से सजाया गया है।



### मंदिर की सजावट में जुटे 105 कारीगर

बाबा श्याम के मंदिर को फूलों से सजाया जा रहा है। दरबार और मंदिर को सजाने के लिए 105 बंगाली कारीगर जुटे हुए हैं। 14 मार्च तक सजावट पूरी कर ली जाएगी। मेले के दौरान बाबा श्याम का श्रृंगार प्रतिदिन दिल्ली के सतरंगी फूलों से किया जाएगा। मंदिर को भी सजाने का काम चल रहा है। मंदिर में भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, मां सरस्वती, वैष्णो देवी के अलावा कई झांकियां बनाई जा रही हैं। चार धाम, शीश महल, फूल बंगला, मां दुर्गा, गजराज, राजमहल, तिरुपति धाम की झाकियां तैयार हो चुकी हैं।

### धूप-बारिश से बचाएगा डोम

मंदिर कमेटी का अनुमान है कि 11 दिन चलने वाले मेले में 25 लाख से ज्यादा श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शनों के लिए पहुंचेंगे। राजस्थान के अलावा हरियाणा, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, गुजरात सहित देशभर से श्रद्धालु श्याम प्रभु को धोक लगाने पहुंचते हैं। इस बार बाबा के भक्तों को धूप और बारिश से बचाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। लखदातार ग्राउंड में 40 करोड़ से 75 फीट का पक्का डोम बनाया है। वाटर कूलर लगाए हैं। मंदिर कमेटी के मैनेजर संतोष शर्मा का कहना है कि इस पर करीब 40 करोड़ से ज्यादा का खर्चा आया है। यहां पर 75 फीट का जिगजैग बनाया है। जहां पर 14 लाइनें बनाई गई हैं। भीड़ नहीं होने पर पहले 4 लाइनों से ही दर्शन कराने के लिए आगे भेजा जाएगा। भीड़ बढ़ने पर अन्य लाइनों को शुरू किया जाएगा।

### दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए अलग लाइन

मंदिर कमेटी की ओर से इस बार दिव्यांगों और बुजुर्गों के लिए दर्शनों की अलग से व्यवस्था की गई है। मंदिर से करीब 250 मीटर की दूरी पर लाला मांगेराम धर्मशाला के पास से ही एक अलग लाइन बनाई गई है। व्हील चेयर पर दिव्यांगों को इसी लाइन से मंदिर तक दर्शन कराने ले जा सकेंगे।

### 100 से ज्यादा टॉयलेट बनाए

लखदातार ग्राउंड के पास में ही पक्के स्थाई टॉयलेट बनाए गए हैं। पूरे मार्ग में 100 से ज्यादा पक्के टॉयलेट बनाए गए हैं। पीने के लिए वाटर कूलर और नल लगाए गए हैं। इनके अलावा पानी के 40 लाख पाउच मंगवाए गए हैं। पुलिसकर्मियों के लिए भी पक्के आवास बनाए गए हैं। लखदातार ग्राउंड से लेकर मंदिर तक सीसीटीवी लगाए गए हैं। इन कैमरों से पूरे मेले पर निगरानी रखी जा रही है। वहीं अलग से कंट्रोल रूम बनाया गया है।

**MLA के खिलाफ पार्षदों ने खोला मोर्चा**

# 'रो-धो कर शाम तक वापस आ जाएंगे...' बयान पर बवाल



**बेधड़क | दौसा**

विधायक मुरारीलाल मीणा के बयान से नाराज नगर परिषद के पार्षदों ने विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। विधायक ने कहा था कि 'जो लोग गए हैं रो-धो करके आज शाम तक वापस आ जाएंगे।' विधायक का ये बयान, नगर परिषद के पार्षदों को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।

पार्षदों ने कहा कि मुरारी लाल बसपा से विधायक बनकर बीएसपी छोड़कर कांग्रेस में गए और गहलोत का साथ छोड़कर सचिन पायलट के साथ मानेसर गए थे तो उस समय भी क्या यही मामला था। गौरतलब है कि बीते दिनों दौसा नगर परिषद के पार्षद लामबंद होकर सभापति ममता चौधरी के खिलाफ अविश्वास लाने की मुहिम चलाते हुए कुछ दिनों के लिए अज्ञातवास में चले गए थे। उस दौरान किसी पत्रकार को विधायक मुरारीलाल ने इंटरव्यू में कहा था कि जो लोग गए हैं रो-धो करके आज शाम तक वापस आ जाएंगे। इस बयान के बाद पार्षदों ने दौसा विधायक के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

दौसा नगर परिषद के पार्षद सनी खान की माने तो मुरारीलाल मीणा खुद जिस समय बसपा से टिकट लाकर दौसा से चुनाव जीते और बाद में कांग्रेस के साथ डील करते हुए कांग्रेस में शामिल हो गए। आपको मंत्री पद दे दिया गया। उस समय मंत्री पद देने के बाद भी विधायक मुरारी लाल मीणा ने तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ छल-कपट करते हुए सचिन पायलट के साथ चले गए। उसके बाद सचिन पायलट की आप लोगों ने राजनीति खत्म कर दी। उधर, इसी मामले पर भाजपा शहर उपाध्यक्ष और नगर परिषद महिला पार्षद के पति भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि पूर्व मंत्री और वर्तमान विधायक को पार्षदों के लिए इस तरह की टिप्पणी करना शोभा नहीं देता।

**अलवर मत्स्य नगर आगार के कर्मचारी विरोध में उतरे**

# वेतन भुगतान को लेकर किया प्रदर्शन

**बेधड़क | अलवर**

शहर के केंद्रीय बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मचारियों ने वेतन को लेकर मंगलवार को प्रदर्शन किया। डिप्टी जनरल सेक्रेटरी एटक यूनियन के संजय चौधरी ने बताया कि अलवर मत्स्य नगर आगार के कर्मचारियों ने मंगलवार को वेतन और पेंशन भुगतान की मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

उन्होंने सरकार से अपील की है कि रोडवेज की नई बसें खरीदी जाएं और नई भर्तियां भी निकाली जाएं। उन्होंने बताया कि पिछले कई सालों से रोडवेज में भर्तियां




नहीं हो रही हैं। नई बसों की खरीद भी नहीं हो पा रही है। अगर भर्ती ली जा रही है, तो अनुबंध पर ली जा रही है।

ऐसे में रोडवेज कैसे चलेगी? उन्होंने सरकार से मांग की है कि कर्मचारियों को वेतन और पेंशन का भुगतान समय पर किया जाए और रोडवेज की बसें खरीदी जाएं, जिससे राजस्थान की जनता को सुलभ यात्रा की सुविधा दी जा सके। उन्होंने कहा कि अनुबंध की बसों में अंडर ट्रेनिंग ड्राइवर होते हैं और लगातार रोडवेज के हर डिपो में 50 फीसदी तक अनुबंध की गाड़ी होती है।

उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कैसे कम संसाधनों में भी बसों से जनता की सेवा की जा रही है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि कर्मचारियों को जल्द वेतन दिया जाए, जिससे उनके परिवारों का पालन किया जा सके।

**पुलिस व डीएसटी की ड्रग्स के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

# 46 लाख की स्मैक पकड़ी, 6 आरोपी दबोचे

**बेधड़क | करौली**

जिले में डीएसटी व थाना सपोटरा पुलिस ने नशे के सौदागरों के विरुद्ध दो अलग-अलग कार्रवाई में छह अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कुल 115 ग्राम 11 मिलीग्राम स्मैक जब्त की है।

स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 46 लाख रुपए आंकी गई है। एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि दोनों कार्रवाई में आरोपी धनराज मीना (40), बबलू मीना उर्फ लक्ष्मी चंद (28), बलराम मीना, दिलखुश



मीना, मोनू उर्फ मनमोहन मीना व महेंद्र मीना को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी सपोटरा थाना इलाके के ही रहने वाले हैं। एसपी मेहरड़ा ने बताया कि सोमवार को एसएचओ सपोटरा अनिल कुमार मय टीम के गश्त पर थे। इनायती गांव के पास तीन युवक पुलिस को देकर भागने लगे, जिन्हें घेर कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवक धनराज मीना, बबलू मीना व बलराम मीना की तलाशी ली गई तो इनके पास कुल 57 ग्राम 61 मिलीग्राम स्मैक मिली। एनडीपीएस एक्ट में तीनों को गिरफ्तार किया गया। एसपी मेहरड़ा ने बताया कि नारोली डांग चौकी प्रभारी अबजीत कुमार एसआई मय टीम द्वारा बीलवाड़ की डोगरी में पहाड़ पर बैठे तीन संदिग्ध युवकों को पकड़ा। आरोपी मोहन मीना, दिलखुश मीना एवं महेंद्र मीना के पास 57 ग्राम 65 मिलीग्राम स्मैक मिली।

**सीएए कानून को लेकर केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा...**

# कुछ लोगों की हर काम में कमी निकालने की आदत

**बेधड़क | जोधपुर**

नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) कानून को लेकर राजनीतिक दलों में चल रही बयानबाजी के बीच केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विपक्ष पर निशाना साधा है।

मंगलवार को जोधपुर में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोग हर चीज में नुक्ता-चीनी करते हैं। किसी भी काम में कमी निकालना उनकी आदत होती है। उनको हर चीज में राजनीति देखनी है, वो राजनीति देखेंगे। भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए सरकार व प्रधानमंत्री मोदी ने गरीब, पीड़ित, शोषित लोगों के दर्द को समझा। पीएम मोदी ने उन लोगों को न्याय दिलाया है, जिनका



पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में राजनीतिक आधार पर, धर्म विशेष का मतावलंबी होने के नाते शासकीय संरक्षण में उत्पीड़न किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मोदी की गारंटी एक बार फिर देश के सामने सिद्ध हुई है। सीएए को वर्ष 2019-20 में लोकसभा ने पारित किया। अब उसमें क्या राजनीतिक हित बाकी रह गए हैं? संसद कानून बना चुकी है। सरकार को उसको घोषित करने का अधिकार है।

अब सरकार ने उसे घोषित किया है। अगर सरकार ने इसे घोषित नहीं किया होता तो विपक्षी दल कहते कि कानून बना दिया, लेकिन घोषित करके लाभ नहीं दे रहे हैं। शेखावत ने कहा कि इन तीन पड़ोसी देशों से शारणार्थी के रूप में आए लोगों के लिए भारत भूमि नैसर्गिक मातृभूमि की तरह थी, लेकिन नागरिकता के नियमों के चलते इनकी स्थिति 'आसमान से लटके और खजूर पर अटके' जैसी हो जाती थी।

### सड़कों पर रहने को मजबूर थे विस्थापित

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि ये शरणार्थी 6-7 साल तक नागरिकता के लिए आवेदन अप्लाई करने की स्थिति में नहीं होते थे। उसके बाद में आवेदन और उसकी प्रक्रिया में 10-15 साल तक सड़क पर रहने के लिए मजबूर होते थे, क्योंकि नागरिक न होने के चलते उनके पास किसी भी तरह का पहचान प्रमाण पत्र नहीं होता था। वो बैंक का खाता नहीं खोल सकते थे, न अपने बच्चों का स्कूल में दाखिला करा सकते थे। न वो कोई व्यवसाय कर सकते थे, ना टेलीफोन या मोबाइल कनेक्शन ले सकते थे। वहीं उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ भी नहीं मिलता था।

### नागरिकता से जीवन स्तर का होगा विकास

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि ऐसे लोगों का दर्द कम करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने सीएए को संसद में पारित करवाया और अब उसके सारे रूल्स फ्रेम करके नोटिफाई कर दिया है। ऐसे सारे विस्थापित लोग, चाहें वो हिंदू, सिख, जैन या बौद्ध होंगे, इन सबको नागरिकता में प्राथमिकता मिलेगी। जो लोग वर्ष 2014 तक आ गए हैं, उनको शीघ्र नागरिकता मिल पाएगी। ऐसे लाखों लोग जो भारत में रह रहे हैं, उनका जीवन सरल भी होगा और सफल भी होगा। नागरिकता मिलने से उनका जीवन स्तर भी सुधर सकेगा। निश्चित रूप से इनकी आने वाली पीढ़ियां भारत में रहकर प्रधानमंत्री को दुआएं देंगी।

# चोरी हुए डिस्पेच रजिस्टर पट्टों का था लेखा-जोखा

**बेधड़क | धौलपुर**

नगर परिषद कार्यालय से सरकारी रिकॉर्ड के चोरी होने का मामला सामने आया है। प्रशासन शहर के संग अभियान के डिस्पेच रजिस्टर गायब होने की भनक लगते ही नगर परिषद प्रशासन के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद रिकॉर्ड का सुराग नहीं लगने पर आयुक्त ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया है।

नगर परिषद आयुक्त संजय शर्मा ने जिला कलेक्टर को भी मामले से अवगत कराया है। नगर परिषद आयुक्त संजय शर्मा ने बताया कि प्रशासन शहर के संग अभियान के दौरान डिस्पेच रजिस्टर जारी किए थे, वे कार्यालय में नहीं मिले। डिस्पेच रजिस्टर चोरी हुए हैं या गायब, इसे लेकर




कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कर दिया है। कोतवाली थाना प्रभारी प्रवेंद्र रावत ने बताया कि नगर परिषद आयुक्त द्वारा दी गई शिकायत पर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक धौलपुर नगर परिषद की ओर से हाल में कई पट्टे वितरित किए गए थे, जिनमें कुछ विशेष पट्टे भी शामिल थे। सभी का रिकॉर्ड डिस्पेच रजिस्टर में था। डिस्पेच रजिस्टर के अचानक से गायब हो जाने से जारी किए गए पट्टे संदेह के घेरे में हैं।

### कानोड़िया गर्ल्स कॉलेज में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह व स्नातक अभिनंदन समारोह

# छोटी-छोटी उपलब्धियों से सीखें और लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें

**बेधड़क** | जयपुर

कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय का 59वां वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं स्नातक अभिनन्दन समारोह मंगलवार को आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने भाग लिया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय की पूर्व छात्रा भारतीय जनसंचार संस्थान नई दिल्ली से प्रो. संगीता प्रणवेन्द्र, प्रबंध समिति अध्यक्ष जस्टिस पानाचन्द जैन, सचिव विमल कुमार भाटिया, निदेशक डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ. रश्मि चतुर्वेदी ने अतिथियों व अभिभावकों का स्वागत किया और कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धियां उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देंगी।

प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर महाविद्यालय में इस सत्र में हुई विभिन्न शैक्षणिक, सहशैक्षणिक गतिविधियों तथा छात्राओं एवं शिक्षिकाओं की उपलब्धियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि बीजू जॉर्ज जोसफ ने अपने संबोधन में 'बैटल ऑफ वॉटरलू' का उल्लेख करते हुए छात्राओं के लिए शिक्षण संस्थान की भूमिका को रेखांकित किया और कहा कि यहीं से आप सीखकर अपने समाज और देश को लौटाते हैं, उन्होंने वर्तमान में तकनीक के सदुपयोग और उससे सावधानी की बात की।

प्रो. संगीता प्रणवेन्द्र ने छात्राओं को अधिक से अधिक कौशल सीखने, छोटी-छोटी उपलब्धियों की खुशी मनाने और हमेशा एक लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उप-प्राचार्य (विज्ञान) डॉ. रंजना अग्रवाल ने स्नातक अभिनन्दन किया।



#### प्रतिभाशाली छात्राओं को मिले अवॉर्ड

कार्यक्रम में महाविद्यालय की सत्र 2022-23 की विभिन्न परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 40 व सत्र 2023-24 में सहशैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 19 छात्राओं को पुरस्कार दिए गए। बेस्ट लीडर वर्णिता अग्रवाल, बेस्ट इन स्पोर्ट्स पूजा सारन, बेस्ट इन एनएसएस वंशिका नूनिया, बेस्ट ऑर्गनाइजर हिमांशी चौधरी, बेस्ट इन क्रिएटिव राइटिंग (हिन्दी) सलोनी शर्मा, बेस्ट इन क्रिएटिव राइटिंग (अंग्रेज़ी) छवि मेहरा, बेस्ट एंकर जैसमीन नारंग, बेस्ट इन आर्ट सूरी धनीता, बेस्ट इन इंग्लिश डिबेट खुशी अग्रवाल, बेस्ट इन हिन्दी डिबेट सानिया खान, बेस्ट इन नुक्कड़ नाटक हर्षिता महरिया, बेस्ट इन डांस काजल कुमारी, बेस्ट इन ड्रामा मिशगन खान, बेस्ट इन म्यूजिक गुंजन भट्ट, बेस्ट एन्टरप्रेन्योर जिज्ञासा जैन, बेस्ट रीडर अलीशा शेख (स्नातकोत्तर), बेस्ट रीडर दीया खत्री (स्नातक) एवं सर्वाधिक उपस्थिति के लिए एकता मीणा को पुरस्कृत किया गया। गिफ्टी कैथरीन थॉमस को बेस्ट ऑल राउंडर अवॉर्ड मिला। छात्रसंघ सदस्य वर्णिता अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया व राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समारोह में छात्राओं ने नृत्य भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संचालन डॉ. प्रीति शर्मा ने किया।

## Yuva स्टोरीज

### बच्चों ने दर्शाई ब्रांड जागरूकता




**बेधड़क** | जयपुर

मालवीय कॉन्वेंट स्कूल के किड्स जोन के नर्सरी से प्रेप क्लास स्टूडेंट्स ने ब्रांड जागरूकता दिवस की मेजबानी की। बच्चों ने रचनात्मकता और ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न ब्रांड प्रस्तुत किए। उन्होंने ब्रांड्स के महत्व और दैनिक जीवन पर उनके प्रभाव पर प्रकाश डाला। इस आयोजन के माध्यम से, बच्चों ने सार्वजनिक रूप से बोलने और टीम वर्क जैसे कौशल विकसित किए। आयोजन में शामिल सभी लोगों ने स्टूडेंट्स के प्रयास की सराहना की। प्रिंसिपल श्वेतिका कपूर ने प्रेरक गतिविधि के लिए सभी की तारीफ की एवं बच्चों के टैलेंट को सराहा।

### शिविर में होगा नशे की लत का इलाज

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में राष्ट्रीय धूम्रपान निषेध दिवस पर नशा मुक्ति एवं स्वस्थ जीवनशैली के लिए निःशुल्क शिविर अगद तंत्र विभाग की ओर से बुधवार को किया जाएगा। शिविर में धूम्रपान एवं अन्य नशे जैसे तम्बाकू, अफीम, शराब, स्मैक, भांग, गांजा, नींद की गोलियां, MDMA इत्यादि नशे का सेवन करने वाले रोगियों की निःशुल्क जांच, परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान की नशा मुक्ति इकाई अगद तंत्र विभाग में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से उपचार के लिये कई थेरेपी की जाती हैं, जिनमें शिरोधारा, अभ्यंग, स्वेदन, नस्य, पदाभ्यंग मुख्य हैं। संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने बताया कि नशे की लत केवल उस व्यक्ति को ही बर्बाद नहीं करती बल्कि उसके पीछे परिवार को भी बर्बाद कर देती है। नशे की लत के रोगियों के इलाज और नशामुक्ति के लिए राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के अस्पताल में अगद तंत्र विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा इलाज किया जाता है।



### सीबीएसई कार्यशाला में विशेषज्ञों ने की चर्चा

**बेधड़क** | जयपुर

जयपुर। सिरसी रोड स्थित ऑरोबिन्दो इंटरनेशनल स्कूल में दो दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला का समापन हुआ। स्ट्रैंथनिंग एसेसमेंट एंड इवोल्यूशन प्रेक्टिस विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षाविद उर्वशी वर्मन तथा दीपक अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विषयों पर चर्चा की। पहले दिन असेसमेंट पर चर्चा की गई एवं दूसरे दिन प्रश्न पत्र निर्माण एवं ब्लूप्रिंट विषय पर चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न सत्रों में कार्यशाला में उपस्थित श्रोताओं ने भी विभिन्न प्रश्न पूछे जिनके जवाब एक्सपर्ट्स ने मौके पर ही दिए।

कार्यशाला का उद्घाटन स्कूल के निदेशक डॉ. भारत पाराशर एवं प्रिंसीपल करुणा नागपाल ने की। उन्होंने कार्यशाला के विभिन्न विषयों पर प्रकाश डाला एवं एक्सपर्ट्स का सम्मान किया।

### RUHS का 9वां दीक्षांत समारोह

# चिकित्सा सेवाओं को AI के उपयोग से बनाएं समृद्ध

■ राज्यपाल कलराज मिश्र ने किया चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचारों का आह्वान





**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने भारत की प्राचीन समृद्ध चिकित्सा परंपराओं से सीख लेकर आधुनिक चिकित्सा विज्ञान के प्रभावी विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने शारीरिक व्याधियों की पहचान और रोग निदान में आर्टीफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के उपयोग की संभावनाओं पर भी कार्य किए जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के संदर्भ में चिकित्सा शिक्षा के पाठ्यक्रमों को निरंतर अपडेट किया जाए। मिश्र ने मंगलवार को राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षान्त समारोह में एआई साक्षरता बढ़ाने के साथ दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती और सुलभ बनाने में इसके उपयोग की संभावनाएं तलाशे जाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नवीन शिक्षा नीति के आलोक में राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय आधुनिक पाठ्यक्रमों की पहल करे एंव चिकित्सा विज्ञान में नवाचार को प्रोत्साहित करे।

राज्यपाल ने स्वर्ण पदक विजेताओं में छात्रों की अपेक्षा छात्राओं की अधिक संख्या पर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि जहां बालिकाएं पढ़ती हैं, वही समाज आगे बढ़ता है।

राज्यपाल ने समारोह के आरम्भ में संविधान की उद्देशिका का वाचन करवाया और मूल कर्तव्यों को पढ़कर सुनाया। समारोह में एमेरिट्स मेडिसिन विभाग, एमजीएमसीआरआई, पुडुचेरी के डॉ. एके दास और भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के मुख्य संरक्षक और संस्थापक डीआर मेहता ने चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र की नवीन संभावनाओं और भविष्य की चुनौतियों के बारे में विचार रखे। कुलपति डॉ. सुधीर भंडारी ने विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।




#### विशेषज्ञों व छात्रों को मिलीं उपाधियां

राज्यपाल ने इस अवसर पर डॉ. परेश किशोर चंद्र डोशी, डॉ. सुनील कल्ला, डॉ. शशांक आर जोशी, डॉ. अरविंद बग्गा को डॉक्टर ऑफ फिलोसॉफी और डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की। राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक, कुलाधिपति स्वर्ण पदक और विषयवार उपाधियां प्रदान की।

#### भावी चिकित्सकों पर देश की जिम्मेदारी

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि हमारी 65 प्रतिशत जनसंख्या युवा है। इन युवाओं पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि चिकित्सा नोबल प्रोफेशन है और भावी चिकित्सकों पर ही सबसे अधिक देश की जिम्मेदारी है। उन्होंने चिकित्सकों को भगवान का रूप बताते हुए कहा कि डॉक्टर ईमानदारी के साथ नैतिक मूल्यों को सर्वोपरि रखते हुए रोग निदान के लिए कार्य करें।

### राजस्थानी भाषा के आयामों को स्पष्ट करेंगी डॉ. गीता

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय हिंदी विभाग की वरिष्ठ शिक्षक डॉ. गीता कुमारी सामोर नई दिल्ली में आयोजित हो रहे विश्व साहित्य सम्मेलन में राजस्थानी भाषा साहित्य से जुड़े विभिन्न आयामों पर मुख्य वक्ता के रूप में अपना पक्ष विश्वभर से आए साहित्यकारों के समक्ष रखेंगी।

डॉ. गीता सामोर राजस्थानी साहित्य के आदिकाल, मध्यकाल एवं आधुनिक काल के साहित्य की प्रसिद्ध विद्वान हैं। उन्हें राजस्थानी साहित्य की एक कवयित्री, लघुकथा लेखक एवं आलोचक के रूप में भी विशेष पहचान प्राप्त है। डॉ. सामोर को राजस्थान विश्वविद्यालय से तीन स्वर्ण पदक मिल चुके हैं। दिल्ली में हो रहे इस चर्चित साहित्य उत्सव में विश्व के 1100 से अधिक विद्वान भाग ले रहे हैं।



### राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

श्री भवानी निकेतन पीजी कॉलेज एवं सेठ आरएल सहरिया राजकीय महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 'भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में व्यापक परिवर्तन' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के संयोजक प्रो. जयभारत सिंह ने बताया कि वीसी बीकानेर डॉ. मनोज दीक्षित, वीसी कोटा डॉ. नीलिमा सिंह, डा. नरेन्द्र भोजक, डॉ. संजू पुरोहित, प्रो. जयदीप सिंह, प्रो. चंद्रेश कुमार चेतलानी, डॉ. कमलेश चन्द्र, प्रो. अनन्ता माथुर, प्रो. भंवरी शर्मा ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 द्वारा भारतीय शिक्षा प्रणाली में होने वाले परिवर्तन एवं वैश्विक स्तर पर भारत की भूमिका पर कार्यशाला में व्याख्यान दिए। कार्यशाला में समिति संरक्षक जालिम सिंह आसपुरा, सचिव गुलाब सिंह मेड़तिया व शिक्षा सलाहकार प्रो. भवानी सिंह उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ. महेश हापावत, संयोजक डा. कुलदीप सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### डॉ. योगेश जोशी को केजी मुखर्जी मेमोरियल अवॉर्ड

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय बॉटनी विभाग के ऐसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगेश जोशी को फंगल को लेकर किए जा रहे उनके महत्वपूर्ण शोध के लिए राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित के जी मुखर्जी मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें चेन्नई में आयोजित एक विशेष समारोह में प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. योगेश जोशी भारत के ठण्डे स्थानों में लाइकेनिकोलस (कवक) पर अपने किए जा रहे शोध कार्यों के कारण राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में हैं। उन्हें सर्ब (SERB- New Delhi) ने एक बड़ी परियोजना भी स्वीकृत की है।

**डिस्कशन** | एमयूजे में राष्ट्रीय संगोष्ठी

# सस्टेनेबल डेवलपमेंट पर वैज्ञानिकों ने किया मंथन

**बेधड़क** | जयपुर

मणिपाल विश्वविद्यालय में डीएसटी पर्स के सहयोग से 2 दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'ईको विजन-2024' का आयोजन किया गया। प्राकृतिक संसाधनों का नियंत्रित उपयोग एवं वेस्ट टू वेल्थ में नवाचार प्रोत्साहन विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी की अध्यक्षता मणिपाल विश्वविद्यालय के प्रेसिडेंट डॉ. जीके प्रभु ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि आईआईटी रुड़की के डायरेक्टर डॉ. केके पंत तथा विशिष्ट अतिथि पद्म भूषण सम्मानित डॉ. जेबी जोशी रहे।

कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ. ललिता लेडवानी, डॉ. अभिषेक शर्मा व डॉ. रोहित जैन ने बताया कि डीएसटी न्यू दिल्ली की ओर से मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर को वेस्ट टू वेल्थ थीम पर डीएसटी पर्स प्रोजेक्ट मिला है, जिसके तहत यह संगोष्ठी आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में विभिन्न संस्थाओं के लगभग 100 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। संगोष्ठी में देश के प्रातिष्ठित वैज्ञानिकों ने इकोलॉजिकल व सस्टेनेबल डेवलपमेंट थीम पर गेस्ट लेक्चर्स तथा पोस्टर प्रस्तुत किए। संगोष्ठी के दूसरे दिन एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न विषयों के एक्सपर्ट्स एवं किसानों ने सम्मिलित रूप से सस्टेनेबल डेवलपमेंट एवं बायोचार की सहायता से आर्गेनिक फार्मिंग की तकनीक पर चर्चा की।





#### MUJ और SKNU में हुआ एमओयू

कार्यक्रम के दौरान कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर से डायरेक्टर एजुकेशन डॉ. एनके गुप्ता एवं पादप रोगव्याधि विभाग के अध्यक्ष डॉ. शैलेष गोदिका भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मणिपाल विश्वविद्यालय जयपुर एवं एस के एन कृषि विश्वविद्यालय (एसकेएनएयू) जोबनेर के मध्य स्टूडेंट एक्सचेंज, कृषि अनुसंधान एवं नवाचार के लिए एक एमओयू भी हुआ।

# जल संकट की आहट: कैसे उबरेगा इससे देश



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

जल संकट समूची दुनिया की समस्या है। जहां तक हमारे देश का सवाल है, यह समझ से परे है कि पूरी दुनिया में सबसे अधिक नदियां हमारे देश में हैं, उसके बावजूद हमारा देश भीषण जल संकट का सामना क्यों कर रहा है। गर्मी का मौसम आते-आते यह इतना भयावह रूप अख्तियार कर लेता है कि देश में लोग पानी की एक- एक बूंद के लिए तरस जाते हैं। देश में आई टी हब और सिलीकान वैली के नाम से विख्यात बंगलूर शहर का नजारा आजकल कुछ ऐसा ही है जहां के लोग पानी की एक- एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। आज बंगलूर की हालत यह है कि वहां के लोग एक पानी के टैंकर के लिए दो हजार रुपए से ज्यादा देने को भी तैयार हैं जो पहले 600-800 रुपए तक में मिल जाता था। लोगों को पानी की बोतलें मुंहमांगी कीमत पर स्कूटर में लादकर ले जाते हुए देखा जा सकता है। इस संकट से राज्य के मुख्यमंत्री का आवास भी अछूता नहीं रहा है। वहां भी टैंकरों से पानी की आपूर्ति की जा रही है। पानी के संकट की आंच से वे 110 गांव भी नहीं बचे हैं जिन्हें कुछ समय पहले बंगलूर शहर में शामिल कर लिया गया था। इस संकट के चलते स्कूलों को बंद कर दिया गया है। कोचिंग सेंटरों ने भी आपात स्थिति की घोषणा करते हुए छात्रों से वर्चुअली क्लास लेने के लिए कहा है। इन हालात में कार की धुलाई करने पर, भवन निर्माण एवं सड़क निर्माण और बागवानी आदि में पानी की बर्बादी पर 5000 रुपए के जुर्माना लगाने की घोषणा की गयी है। माल एवं सिनेमा हाल के प्रबंधकों से कहा गया है कि वे सुनिश्चित करें कि पेयजल का उपयोग सिर्फ पीने के लिए ही किया जाए। दरअसल इस संकट के पीछे बीते साल अलनीनो के प्रभाव के चलते कम बारिश के होने, झीलों के जलस्तर कम होने और बंगलुरू के लगभग चार हजार से ज्यादा तकरीब 4997 बोरवैलों का सूख जाना अहम कारण बताया जा रहा है। दरअसल यह समस्या भूजल स्तर के लगातार गिरते जाने की भी है जिसमें हर साल तेजी से बढोतरी हो रही है। हालात की भयावहता का प्रमाण यह है कि 136 तालुका में से सरकार द्वारा 123 को सूखाग्रस्त घोषित कर दिया गया है। सबसे बडी बात यह है कि बंगलुरु शहर को हाल-फिलहाल 1,850 मिलियन लीटर पानी मिल रहा है जबकि यहां के लोगों की जरूरतों को पूरा करने की खातिर 1,680 मिलियन लीटर पानी की और जरूरत है। इसको पूरा करने में नगर निकाय व जलदाय संस्थान बेबस है। गौरतलब यह है कि अभी तो होली भी नहीं आई है और गर्मी के मौसम की शुरूआत भी नहीं हुई है, तब बंगलुरू शहर की पानी के मामले में यह दुर्दशा है तो गर्मी में पूरे देश की हालत क्या होगी? यह भयावह खतरे का संकेत है, इसे समझना होगा। गौरतलब है कि दुनिया में सबसे अधिक समृद्ध नदियां भारत में ही पायी जाती हैं। देश के हर भूभाग में मौजूद नदियां पेयजल सहित विविध आवश्यकताओं की पूर्ति का नैसर्गिक स्रोत हैं। भारतीय नदियों में हर साल बहने वाले पानी की औसत गहराई 51 सेंटीमीटर है जो योरोप की नदियों की 26 सेमी, एशिया की 17 सेमी, उत्तरी अमेरिका की 31 सेमी, दक्षिणी अमेरिका की 45 सेमी, अफ्रीका की 20 सेमी और आस्ट्रेलिया की नदियों में प्रवाहित पानी की औसत गहराई 8 सेमी से भी अधिक है। फिर हमारे यहां पानी का संकट क्यों है। जबकि हमारे यहां हर साल औसत बारिश 100 सेमी से भी अधिक होती है। इससे 4000 घनमीटर पानी मिलता है।

इसमें नदियों से 1869 घनकिलोमीटर, कुंओं और तालाबों से 690 घनकिलोमीटर और भूजल से 433 घनकिलोमीटर पानी मिलता है। फिर यहां पानी का अकाल क्यों? इसमें हकीकत यह है कि बारिश से मिलने वाले 47 फीसदी पानी यानी 1869 अरब घन मीटर पानी नदियों में चला जाता है। इसमें से 1132 अरब घनमीटर पानी उपयोग में लाया जा सकता है लेकिन इसका 37 फीसदी उचित भंडारण-संरक्षण के अभाव में बचाया जा सकता है। इस पर हमें सिलसिलेवार गौर करना होगा। सबसे बडी बात कि हमारी नदियां अविरल प्रवाह पर बढ़ते खतरे से जूझ रही हैं। उनके पानी में बढ़ता प्रदूषण बायोडायवर्सिटी पर बढ़ रहे खतरे को और अधिक भयावह बना रहा है। देश में बीते दशकों से नदियों का गैर मानसूनी प्रवाह कहीं कम तो कहीं बहुत कम हो रहा है। हमारी कई छोटी नदियां तो मौसमी बनकर रह गयी हैं। कृष्णा, कावेरी, महानदी, नर्मदा, गोदावरी और ताप्ती जैसी सदानीरा नदियों तक में गैर मानसूनी प्रवाह में कमी आ रही है। दर असल बरसात भले ही सामान्य हो, नदियों के गैर मानसूनी प्रवाह में कमी साल दर साल बढ़ती जा रही है। फिर सूखे दिनों में उनकी मात्रा बढ़ जाती है। और उनमें बढ़ता प्रदूषण जहां पानी को अनुपयोगी बनाता है, वहीं साफ-सफाई का खर्च भी बढाता है। जरूरी यह है कि नदियां किसी के भी प्रयास से हों प्रदूषण मुक्त होनी चाहिए। वे अविरल बहनी चाहिए। उनमें प्रवाह कम होने के कारण यह समस्या और भयावह होती जा रही है। गंदगी से निपटने के लिए देश में जागरूकता के बावजूद नदियों में गैर मानसूनी प्रवाह को बहाल करने या उसमें बढोतरी करने का मुद्दा हाशिए पर है या यूं कहें कि काफी हद तक उपेक्षित है। यह जितनी जल्दी होगा, उतना ही समाज और देश के भविष्य के लिए अच्छा होगा। क्योंकि जो नदियां जाग्रत इको सिस्टम होती हैं, उनका सतत प्रवाहित जल जीवन के विविध स्वरूपों को स्वस्थ रख उनका लालन-पालन करता है, जो हाइड्रोलाजिकल साईकिल को सक्रिय रखता है, कारण कुछ भी रहे हों और उसके लिए भले औद्योगिक प्रतिष्ठानों के रसायनयुक्त कचरे आदि-आदि को जिम्मेदार ठहराया जाए,जब वे ही इतनी प्रदूषित हैं, उस दशा में जल संकट तो अविश्यंभावी है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> *"होना यह चाहिए कि इसका दायित्व पानी के विभिन्न पहलुओं पर काम करने वाली अकादमिक संस्थाओं यथा आई आई टी रुड़की, वाटर और लैण्ड मैनेजमेंट ऑर्गेनाइजेशन, सीजीडब्ल्यूबी, सीड्ब्ल्यूसी और कृषि विश्वविद्यालयों को सौंपा जाए और उनके निष्कर्षों को सरकारें व जल संरक्षण की दिशा में कार्यरत संस्थाएं कार्यरूप में परिणित करें, तभी कुछ बदलाव की उम्मीद की जा सकती है।"*

## राष्ट्रहित और मानवीय संवेदनाओं से जुड़े मामलों में धैर्य और आत्मसंयम जरूरी

# सीएए पर सियासत देशहित में नहीं



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> *"क्या यह सच नहीं है कि बांग्लादेश के निर्माण के समय यहां अल्पसंख्यकों की आबादी एक तिहाई थी जो आज घटकर 15वां हिस्सा भर रह गई है? क्या भारत के विपक्षी दल बताएंगे कि ऐसी ही स्थिति भारत में रहने वाले मुसलमानों की भी है? क्या उनकी भी तादाद अल्पसंख्यकों की तरह घटी है? क्या उन पर भी अल्पसंख्यकों की तरह ही अत्याचार होता है? अगर नहीं तो फिर वे किस मुंह से मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दिए जाने के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं?"*

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 लागू करने से जुड़े नियम अधिसूचित किए जाने के बाद जिस तरह विपक्षी दलों द्वारा अनावश्यक बखेड़ा खड़ा किया जा रहा है, वह कुल मिलाकर उनकी संकीर्ण और तुष्टिपरक राजनीति को ही उद्घाटित करता है। बेशक विपक्षी दलों को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की आलोचना करें और जरूरत पड़े तो संसद से लेकर सड़क तक विरोध जताएं, लेकिन जब मसला राष्ट्रहित और मानवीय संवेदना से जुड़ा हो तो विपक्षी दलों को भी धैर्य और आत्मसंयम का परिचय देना चाहिए।

संकीर्ण राजनीति की भावनाएं राष्ट्र के भविष्य से बढ़कर नहीं हो सकती। क्या यह सच नहीं है कि पड़ोसी देशों मसलन पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में अल्पसंख्यक यानी हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदाय के लोग राज्यपोषित अत्याचार से पीड़ित हैं? क्या यह सच नहीं है कि वे अपनी जान बचाने के लिए ही भारत में शरण लिए हुए हैं? अगर इन परिस्थितियों में भारत सरकार नागरिकता संशोधन विधेयक के जरिए उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान करती है तो इसमें अनुचित क्या है? यह सही है कि भारत को शरणार्थियों का धर्मशाला नहीं बनने देना चाहिए और न ही दुनिया में संदेश जाना चाहिए कि भारत धर्म के आधार पर नागरिकता देने का फैसला करता है। लेकिन इसका तात्पर्य यह भी नहीं कि भारत अपने पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों पर होने वाले अत्याचारों से मुंह फेर ले। पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यक सात दशक पहले भारत का हिस्सा थे। आज अगर पड़ोसी देश उन पर कहर बरपा रहा है और वे जान बचाकर भारत आ रहे हैं तो उन्हें अपनाना भारत का धर्म है। लेकिन देखा जा रहा है कि कुछ राजनीतिक दल अनावश्यक वितंडा खड़ा कर इस मसले को मजहबी रंग देने पर आमादा हैं। उनका तर्क है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है, ऐसे में किसी को धर्म के आधार पर नागरिकता कैसे दी जा सकती है? उनका यह भी कहना है कि जब पड़ोसी देशों से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और




ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता दी जा सकती है तो फिर पड़ोसी देशों से आने वाले मुसलमानों को इस अधिकार से कैसे वंचित किया जा सकता है? उनकी दलील है कि भारत वसुधैव कुटुंबकम और सर्वधर्म समभाव की संस्कृति का हिमायती है। फिर मजहब के आधार पर किसी के साथ भेदभाव कैसे किया जा सकता है? निःसंदेह विपक्षी दलों का तर्क अनुचित नहीं है। भारत का संविधान भी जाति, धर्म और लिंग के आधार पर किसी के साथ भेदभाव की इजाजत नहीं देता। लेकिन उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले को मजहबी विमर्श के दायरे में बांधने के बजाए मानवीय विस्तार दें। देश की मौजुदा परिस्थितियों को समझें। यह सच्चाई है कि पड़ोसी देश पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान सभी मुस्लिम राष्ट्र हैं। यहां सिर्फ मुसलमानों के ही हित सुरक्षित हैं। जेहाद के जरिए अल्पसंख्यकों का धर्मांतरण कराया जाता है।

यह सच्चाई है कि इन देशों में अल्पसंख्यकों के अधिकार और जीवन रंचमात्र भी सुरक्षित नहीं हैं। अगर जो कोई इनकी रक्षा के लिए आवाज बुलंद करता है, उसे मौत की नींद सुला दिया जाता है। स्वयं पाकिस्तान सीनेट की स्थायी समिति खुलासा कर चुकी है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बद से बदतर है। भारत विभाजन के समय पाकिस्तान में 15 प्रतिशत अल्पसंख्यक थे जो आज उनकी संख्या घटकर दो फीसद से भी कम रह गयी है। कमोवेश यही स्थिति बांग्लादेश के अल्पसंख्यकों की भी है।

गत वर्ष पहले अमेरिकी मानवाधिकार कार्यकर्ता रिचर्ड बेंकिन ने खुलासा किया था कि पड़ोसी देश बांग्लोदश में अल्पसंख्यकों की आबादी तेजी से घट रही है और अल्पसंख्यकों के उन्मूलन के लिए बांग्लादेश में सम्मिलित प्रयास किए जा रहे हैं। क्या यह सच नहीं है कि बांग्लादेश के निर्माण के समय यहां अल्पसंख्यकों की आबादी एक तिहाई थी जो आज घटकर 15वां हिस्सा भर रह गई है? क्या भारत के विपक्षी दल बताएंगे कि ऐसी ही स्थिति यहां रहने वाले मुसलमानों की भी है? क्या उनकी भी तादाद अल्पसंख्यकों की तरह घटी है? क्या उन पर भी अल्पसंख्यकों की तरह ही अत्याचार होता है? अगर नहीं तो फिर वे किस मुंह से मुसलमानों को भारतीय नागरिकता दिए जाने के लिए आवाज बुलंद कर रहे हैं? क्या यह दर्शाता नहीं है कि वे तुष्टीकरण की सियासत कर रहे हैं? बहरहाल वे जो भी तक-कुतर्क गढ़े लेकिन यह सच्चाई है कि वे ऐसा कर राष्ट्र का ही नुकसान कर रहे हैं। उन्हें इस बात का भान होना चाहिए कि बांग्लादेश से आए करोड़ों लोगों ने पूर्वोत्तर राज्यों की समस्याओं में इजाफा किया है। यहां के सामाजिक-राजनीतिक माहौल को दूषित किया है। यहां के मूल निवासियों को उजाड़ा है। कई आतंकी संगठनों ने तो इन घुसपैठियों की मदद से हजारों निर्दोष भारतीयों की जान ली है। ऐसे में उचित होगा कि विपक्षी दल इस मसले पर अनावश्यक वितंडा खड़ा करने के बजाए मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए नागरिकता संशोधन कानून का सम्मान करें। वैसे भी ध्यान रखना होगा कि भारत विभाजन से पूर्व पाकिस्तान और बांग्लादेश भारत के ही हिस्सा थे। अफगानिस्तान से भारत का भाईचारे का रिश्ता था। अस्तित्व में आने के बाद पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों देशों ने अपने यहां रह रहे अल्पसंख्यकों को भरोसा दिया था कि उनके अधिकार सुरक्षित रहेंगे। लेकिन वे अपने वादे को निभाने में विफल रहे। अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा तो दूर उनके अस्तित्व को ही मिटा डाला। क्या इस सच्चाई से भारत के विपक्षी दल सुपरिचित नहीं हैं? फिर वे बखेड़ा क्यों खड़ा कर रहे हैं? विपक्षी दलों को ध्यान रखना होगा कि किसी भी देश के लिए उसके हित और मानवीय मूल्य दोनों महत्वपूर्ण होते हैं।

इसे ध्यान में रखकर ही सरकार ने नागरिकता संशोधन विधेयक को कानूनी जामा पहनाई। सरकार का मकसद इस कानून की मदद से पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में उत्पीड़न से भागकर भारत आए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने का रास्ता सुगम बनाना है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की नेतृत्व वाली राजग सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में लोकसभा में इस संशोधन विधेयक को पेश किया था और इसे पारित करा लिया था। लेकिन पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों द्वारा विरोध के कारण सरकार ने इसे राज्यसभा में पेश नहीं किया। चूंकि लोकसभा भंग हो गया इस नाते यह विधेयक भी निष्प्रभावी हो गया। लेकिन बाद में सकरार इसे संसद से पारित कराने में सफल रही। गौर करें तो अब नागरिकता संशोधन अधिनियम, 2019 के मुताबिक पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, बौद्ध, सिख, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जा सकती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# सागर, सरिता संवाद



एकता शर्मा
व्यंग्यकार

पत्नी, प्रेमिका दोनों खड़ी काके लागू हाय, बलिहारी गुरु आपने तीसरी दिनी बताएं। उधर कुछ भले पुरुष कहते हैं, पुरुष दे चाहे जितना मान, किंतु राह में नारी की है नारी ही व्यवधान। क्या यही सत्य है, मेरे भगवान? तब एक नदी दहाड़ी समंदर की सच्चाई सामने लाई। बोली; बोली नदी में नदी मिल जाए तो नदी जोड़ो परियोजना बन जाए ,कमबख्त बहुत सी समंदर में मिल जाती है और दूसरी को खारी व खाली कर जाती है।

यह सागर जो शांत दिखता है लेकिन तूफान, सुनामी, साइक्लोन इसी के मन में उठता है। उसे ही वह घर में लाता है, खुद तो खारा है ही, नदियों को भी कर जाता है। फिर कोई नदी अवसाद से अवसान में चली जाती है। मार्ग अवरुद्ध हो तो अवनलिका अपरदन कर कहीं ओर बह जाती है। अपने अस्तित्व के लिए वह फिर किसी समंदर में नहीं समाती है। वह तो बेचारी साहिल की आस में बहती जाती है। तटनी है तो तट होगा ही यही वह मानती है, लेकिन समंदर को यह बात कहां समझ आती है? समंदर ने फिर ताना मारा, छू गई नदिया नए सोपान समंदर क्या करें, हो गई इनकी अलग पहचान समंदर क्या करें, समंदर की बात सुन सरिता फिर मुस्कुराती हुए बोली जो शिखर से उतरकर तुम उसे वाचाल, वेग- प्रवाहिनी बता रहे हो। यह तो उनका विवेक, साहस, संयम का प्रवाह है।

अभिमान नहीं उनका स्वाभिमान है। उस हिमशिखर से जब वह निकली थी, वाचाल नहीं, वह बहुत सुमुखी थी, कुछ चंचल, अल्हड़, बेफिक्र सौम्या थी। माना सौंदर्य पर उसे नाज था। पिता की गोद से जब गिरी थी। पति के प्रेम में वो पड़ी थी, लेकिन समंदर को कहां इसकी फिक्र पड़ी थी? सभ्यताओं के घर उसने ही बसाए थे, तब समंदर महाशय कहां नजर आए थे? क्या कभी किसी समंदर ने नदी को बहन बनाया, हमें तो दूर-दूर तक यह नजर नहीं आया!

ऐ समंदर तुझे नहीं पता, वह यौवना उस प्रदूषण से कितनी रोई थी। अपने बीओडी लेवल पर चुपचाप दलदल में सोई थी। वह भी बहना चाहती थी। बाध से, बे -हाल, बे -रोकटोक जंगल में जाना चाहती थी। जंगल से भी वह कितनी सहमी-सहमी बही थी। शहर की शैतान दमघोटू आबो हवा में भी वो सधी हुई चली थी। माना समंदर हम उम्र में तुमसे छोटे थे, लेकिन अनुभव के रास्ते तो तुमसे कहीं अधिक हमारे तय किए थे। हम मीलों तक बहती जाती, कहीं नहीं पथ में सुस्ता कर थक जाती । पहाड़ ,जंगल, बीहड़ सबको पार कर, हम फिर भी निर्मल, निर्झर बहती जाती। सच तो यह है, समंदर के हिस्से संघर्ष के चौराहे नहीं आते। कभी पहाड़ो से गिरने तो कभी जंगलों से गुजरने के सहमें रास्ते नहीं आते। बहती रहती वह अब हर पल, कहो तुम्हें हमसे क्या है मतलब? तुम में तो नदी पर नदी मिलती रही, लेकिन हम नहीं तुम्हारी वह सखी ,जो ज्वार भाटे की तरह उफनती, कूदती रहती।

हम सधी, सजी, सहमी मैदान में प्रौढ़ बहती रहती। लेकिन हमेशा मौन ही सब सहती रहती। हां, कभी कोई समंदर भी रोता होगा, सधनित हो कर, फिर वह बादल बनता होगा। बरसने को जगह ना मिले तो हवाओं के थपेड़े झेलता होगा। फिर दूर कहीं दूर नदियों की हरियाली देख मचलता होगा! गरज-गरज कर वहां बरसता होगा। बेतवा को तो बे -इंतेहा इश्क करता होगा। लेकिन लूणी को वह इग्नोर करता होगा। बेतवा बेचारी कहां समझ पाई, कहां उसकी अंतिम विदाई आई? जो इंदुमती के मृत्यु शोक पर रोता होगा।

वह बेतवा को क्या पता होगा? यमुना, ब्रह्मपुत्र हो या विश्वासघातिनी हुगली सबको मुझ में ही मिलना होगा, क्योंकि मैं हूं आज की गंगा। जो जानती है अब तक सागर में बहुत बह चुका पानी, अब ना तुम्हारी दाल गलेगी। चलो सखी नदी बन जाए। नदी जोड़ो अभियान को आगे बढ़ाएं। हर घर फिर शुद्ध जल होगा। नहीं कहीं कोई प्यासा फिर होगा।

## नॉलेज कॉर्नर: नागरिक संशोधन कानून से क्षेत्र में अवैध कब्जा बढ़ने का डर

# CAA का सबसे ज्यादा विरोध पूर्वोत्तर में क्यों!

लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार ने नागरिक संशोधन कानून लागू कर दिया है। हालांकि, यह कानून पूर्वोत्तर राज्य के अधिकांश आदिवासी क्षेत्रों में नहीं लागू किया जाएगा, लेकिन सोमवार को नोटिफिकेशन जारी होने के साथ नॉर्थ ईस्ट में इसका विरोध शुरू हो गया है। असम में ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन और 30 स्वदेशी संगठनों ने सोमवार को CAA की प्रतियां जलाईं। सीएए के नोटिफिकेशन से पहले भी यहां इस कानून को लेकर विरोध जताया जा चुका है। जानिए नागरिक संशोधन कानून को लेकर सबसे ज्यादा विरोध पूर्वोत्तर के राज्यों में क्यों होता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस बारे में विस्तार से...

### बाहरी का दखल मंजूर नहीं

नॉर्थ ईस्ट के 7 राज्यों को सेवन सिस्टर्स भी कहते हैं। ये सभी राज्य किसी न किसी मायने में अपनी अलग पहचान रखते है। यहां के मूल निवासी 238 सजातीय समूहों से हैं। इनकी परंपराएं, पहचान, संस्कृति और रहन-सहन तक अलग-अलग है। CAA कानून के तहत 2014 से पहले भारत में शरण ले चुके बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफनिस्तान से आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई शरणार्थियों को नागरिकता




मिलेगी। यहां के लोग नहीं चाहते कि किसी ऐसी बाहरी शख्स को नागरिकता मिले जो उनके समुदाय के कल्चर को न समझता हो।

### गैर-आदिवासियों को जमीन खरीदने की छूट की आशंका

अब त्रिपुरा और मेघालय का कनेक्शन भी समझ लेते हैं। त्रिपुरा में बोरोक समुदाय खुद को वहां का मूल निवासी बताते हैं, लेकिन यहां पर बंगालियों की संख्या अधिक है। जो धीरे-धीरे यहां बसते चले गए। राज्य की नौकरशाही में इनका कब्जा बढ़ा। नतीजा यहां के आदिवासी समुदाय के लोग हाशिए पर चले गए। शिलॉन्ग में भी बंगाली बोलने वाले हिन्दुओं की संख्या अधिक है। यहां पर जैन्तिया और गारो समुदाय खुद को मूल निवासी बताते हैं। इनका मानना है कि गैर-आदिवासियों को जमीन खरीदने की छूट मिल सकती है। इससे इनका हस्तक्षेप बढ़ेगा।

### अवैध कब्जे का दावा

*नागरिकता संशोधन कानून का सबसे ज्यादा विरोध पूर्वोत्तर के राज्यों में होने की एक वजह यह भी है कि ये राज्य बांग्लादेश से करीब हैं। कथिततौर पर यहां बांग्लादेश के हिन्दू और मुस्लिम बड़ी संख्या में अवैध तरीके से बसते जा रहे हैं। पूर्वोत्तर के लोगों का मानना है कि इस कानून की मदद से इन्हें आसानी से नागरिकता मिल जाएगी।* कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन



**दीया कुमारी,** उपमुख्यमंत्री, राजस्थान
**@KumariDiya**
हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर माननीय नायब सिंह सैनी जी को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल कार्यकाल हेतु अनंत शुभकामनाएं। निश्चित ही यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और आपके कुशल नेतृत्व में हरियाणा में लोककल्याण और विकास की यात्रा अनवरत जारी रहेगी।

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने छह राज्यों के लिए 43 प्रत्याशियों के नाम किए घोषित

# पार्टी के 76% प्रत्याशी ओबीसी-एसटी-एससी से, साधे समीकरण

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की दूसरी सूची जारी कर दी गई है। इसमें पांच राज्यों व एक केंद्र शासित प्रदेश दमन व दीव के लिए 43 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है। पार्टी 13 ओबीसी, 10 एससी, 9 एसटी, एक मुस्लिम चेहरे को टिकट दिया है। 76 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं जिनकी उम्र 60 साल से कम है। इस सूची में असम से 12, गुजरात से सात, मध्य प्रदेश और राजस्थान से 10-10, उत्तराखंड से तीन और दमन दीव से एक उम्मीदवार का नाम घोषित किया गया है। कांग्रेस पार्टी की



केंद्रीय चुनाव समिति की सोमवार रात हुई बैठक में इस सूची पर मुहर लगाई गई। मुख्यालय में हुई बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य सदस्य शामिल हुए थे। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि सीईसी ने बैठक में असम, मध्य प्रदेश, राजस्थान से लगभग 43 नामों की सूची को मंजूरी दी थी। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई असम के जोरहाट से चुनाव लड़ेंगे। नकुल नाथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से चुनाव लड़ेंगे। राहुल कस्वां राजस्थान के चुरू से चुनाव लड़ेंगे। वैभव गहलोत जालौर से चुनाव लड़ेंगे। सीईसी की पहली बैठक सात मार्च को हुई थी और आठ मार्च को 39 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। दूसरी सूची में भी पार्टी ने ओबीसी प्रत्याशियों को प्राथमिकता देते हुए कई सियासी समीकरण साधने का प्रयास किया है। पार्टी जातिगत जनगणना पर जोर दे रही है।

### कांग्रेस की दूसरी सूची

**06** राज्य... **43** प्रत्याशी

**सूची का सामाजिक गणित**

| | |
|---|---|
| 13 | ओबीसी प्रत्याशी |
| 10 | एससी प्रत्याशी |
| 09 | एसटी प्रत्याशी |
| 01 | मुस्लिम वर्ग से |
| 10 | सामान्य वर्ग से |

### मध्य प्रदेश: नकुलनाथ छिंदवाड़ा से प्रत्याशी



कांग्रेस ने भिंड से फूल सिंह बरैया, टीकमगढ़ से पंकज अहिरवार, सतना से सिद्धार्थ कुशवाहा, सीधी से कमलेश्वर पटेल, मंडला से ओंकार सिंह मरकाम, छिंदवाड़ा से नकुलनाथ, देवास से राजेंद्र मालवीय, धार से राधेश्याम मुवेल, खरगोन से पोरलाल खरते और बैतूल से रामू टेकाम को चुनावी मैदान में उतारा है।

### गुजरात के 7 उम्मीदवार घोषित

कांग्रेस की दूसरी सूची में गुजरात के लिए घोषित प्रत्याशियों में इसमें कच्छ से नीतीशभाई लालन, बनासकांठा से गनीबेन ठाकोर, अहमदाबाद पूर्व से रोहन गुप्ता, अहमदाबाद पश्चिम से भरत मकवाना, पोरबंदर से ललितभाई वसोया, बरदोली से सिद्धार्थ चौधरी और वलसाड से अनंत भाई पटेल का नाम शामिल है।

### असम: गौरव गोगोई जोरहाट से चुनाव मैदान में



कांग्रेस ने असम में कोकराझार से गर्जन मैशरी, धुबड़ी से रकीबुल हुसैन, बारपेटा से दीप बायन, दारंग उदालगुरी से माधब राजबंशी, गुवाहाटी से मीरा बारठाकुर गोस्वामी, दिफू से जॉयराम एंगलेंग, करीमगंज से हाफिज रशीद अहमद चौधरी, सिलचर से सूर्यकांत सरकार, नौगांव से प्रद्युत बोरदोलोई, काजीरंगा से रोजेलिना तिर्की, सोनितपुर से प्रेम लाल गंजू और जोरहाट से गौरव गोगोई को चुनावी मैदान में उतारा है। दमनदीव से केतन दहियाभाई पटेल को उम्मीदवार बनाया गया है।

### तमिलनाडु : सरथ कुमार की पार्टी का भाजपा में विलय



**चेन्नई**। दक्षिण भारत में छोटे दलों को अपने साथ लाने में जुटी भाजपा को मंगलवार को तमिलनाडु में एक नई पार्टी का साथ मिल गया। दिग्गज तमिल अभिनेता आर सरथ कुमार ने अपनी पार्टी अकिला इंडिया समथुवा मक्कल काची (एआईएसएमके) का भाजपा में विलय कर दिया। पार्टी कार्यकर्ताओं और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष के अन्नामलाई की मौजूदगी में सरथ कुमार ने अपनी पार्टी एआईएसएमके का भाजपा में विलय किया। सरथ कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए कहा, मोदी देश की एकता को बढ़ावा देने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेंगे।

### उत्तर प्रदेश: नए मंत्रियों को किए विभाग आवंटित

**लखनऊ**। योगी सरकार में नवनियुक्त मंत्रियों के विभागों का मंगलवार को बंटवारा कर दिया गया। नए मंत्रियों में ओमप्रकाश राजभर को पंचायती राज, अल्पसंख्यक कल्याण, हज व मुस्लिम वक्फ विभाग का जिम्मा सौंपा गया। वहीं दारा सिंह चौहान कारागार विभाग संभालेंगे। पहली बार मंत्री बने सुनील शर्मा को सूचना प्रौद्योगिकी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग का दायित्व सौंपा गया है। अनिल कुमार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री होंगे। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति नागरिक सुरक्षा एवं होमगार्ड विभाग के मंत्री बनाये गए हैं। बता दें कि पांच मार्च को योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हुआ था, जिसमें ओमप्रकाश राजभर, दारा सिंह चौहान, सुनील शर्मा व अनिल कुमार को मंत्री बनाया गया था।

भाजपा की तेलंगाना के सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट में शाह ने दिया जीत का मंत्र, कहा...

# मोदी ने 'आया राम, गया राम' की राजनीति खत्म की: शाह

**एजेंसी** | सिकंदराबाद(तेलंगाना)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि अब देश में जीने का जितना अधिकार मुझे और आपको है, उतना ही अधिकार हर शरणार्थी को भी है। इसके साथ ही शाह ने कहा कि इन 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को राजनीतिक स्थिरता देने का काम किया है। 'आया राम, गया राम' की राजनीति को खत्म करके देश में 10 साल की पूर्ण बहुमत सरकार चलाई है।

गृहमंत्री शाह ने सिकंदराबाद में सोशल मीडिया वॉरियर्स मीट को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने सोशल मीडिया वॉरियर्स को आगामी लोकसभा चुनाव में जीत का मंत्र भी दिया। शाह ने कहा कि जल्द ही लोकसभा चुनाव की तारीखों का भी ऐलान किया जाएगा। अप्रैल और मई में भारत की जनता तय करेगी कि उन्हें अगले पांच साल के लिए किस पर भरोसा करना है। उन्होंने कहा कि इस दौर में सोशल मीडिया भी उतना ही जरूरी है जितना घर-घर जाना। ऐसे में हमें बहुत सक्रिय रहना होगा।



### वोट बैंक के चक्कर में कांग्रेस करती थी विरोध

शाह ने कहा कि हमने कहा था हम सीएए लाएंगे, कांग्रेस इसका विरोध करती थी। संविधाननिर्माताओं ने वादा किया था कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान से जो शरणार्थी भारत आएंगे उन्हें हम भारत की नागरिकता देंगे, लेकिन वोट बैंक के चक्कर में कांग्रेस इसका विरोध करती थी। लाखों लोग अपना धर्म और सम्मान बचाने के लिए इस देश में आए, लेकिन उन्हें नागरिकता नहीं मिलती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदू, बौध, सिख, जैन और पारसी लोगों को नागरिकता देकर उनका सम्मान करने का काम किया है। हमने इन शर्णार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने का मौका दिया है।

शाह ने कहा कि भारत की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के लिए मन बना लिया है। उन्होंने तेलंगाना की 12 सीटों पर जीत हासिल करने के अपने लक्ष्य का भी जिक्र किया। गृहमंत्री शाह ने कहा कि 400 में से 12 कमल तेलंगाना से खिलने चाहिए। पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं से लेकर देश की महिलाओं तक, हर कोई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के लिए किए गए कार्यों को स्वीकार करता है। लोग इसीलिए उनकी सराहना करते हैं।

### घोषणा पत्र में शामिल हर वादा किया पूरा

भाजपा के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए शाह ने कहा कि हमारे घोषणापत्र के पहले पन्ने पर क्या था? हम अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर बनाएंगे। 500 वर्षों से देश भर के श्रद्धालू चाहते थे कि अयोध्या में एक भव्य राम मंदिर और रामलला को पूरे सम्मान के साथ 'विराजमान' हों। कांग्रेस पार्टी 70 साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटकाती रही, भटकाती रही, अटकाती रही। शाह ने कहा कि वोट बैंक के लालच में कांग्रेस ने राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया। शाह ने कहा कि हमने दूसरा वादा किया था कि हम कश्मीर से अनुच्छेद 370 को समाप्त कर देंगे। 70 साल से कांग्रेस पार्टीअनुच्छेद 370 को लेकर चलती थी, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को इसे समाप्त कर दिया। हमने वादा किया था कि हम तीन तलाक खत्म करेंगे। हमने वो भी किया। कांग्रेस ने कभी भी मुस्लिम महिलाओं की देखभाल करने की जहमत नहीं उठाई, जो अल्पसंख्यकों के भीतर अल्पसंख्यक हैं। विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का हमारा वादा भी पूरा हो गया है।

### पीएम ने दिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन

शाह ने कहा कि गत 10 सालों में पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है। बीआरएस और कांग्रेस पर लाखों-करोड़ों रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप लगे लेकिन प्रधानमंत्री मोदी पर हमारे विरोधी भी 25 पैसे तक का आरोप नहीं लगा सके। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने भारत को समृद्ध और सुरक्षित बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत 11वें स्थान से उठकर दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

## जाति जनगणना कराना कांग्रेस की गारंटी: रमेश

**एजेंसी** | नंदुरबार (महाराष्ट्र)



पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने मंगलवार को कहा कि जाति जनगणना कराना कांग्रेस पार्टी की गारंटी है। उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर देश को बांटने और समाज का ध्रुवीकरण करने का भी आरोप लगाया।

रमेश 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के अंतिम चरण में प्रवेश करने से पहले महाराष्ट्र के नंदुरबार में पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा, हमने सामाजिक, आर्थिक, और जातिगत जनगणना की गारंटी दी है। यह हमारे समाज का एक्स-रे होगा, जो हमें विभिन्न जातियों की आबादी और हमारे देश की संपत्ति में उनकी हिस्सेदारी को दिखाएगा। यह हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों में उनकी हिस्सेदारी को दिखाएगा।"

**कांग्रेस राजनीतिक पार्टी, संतों का संगठन नहीं**: रमेश ने कहा, भारत जोड़ो न्याय यात्रा एक राजनीतिक रैली है। लेकिन यह किसी राजनीतिक अभियान का हिस्सा नहीं है। यह एक राजनीतिक लक्ष्य और विचारधारा पर आधारित है। उन्होंने कहा, कांग्रेस एक राजनीतिक पार्टी है, संतो का संगठन नहीं है। हम कुछ चुनाव जीत सकते हैं और कुछ हार सकते हैं, जो एक वास्तविकता है। लेकिन वर्तमान में भाजपा और आरएसएस समाज को बांटने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। आरएसएस और भाजपा की सभी नीतियां विभाजनकारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रवैया और नीतियां विभाजनकारी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि वे (पीएम मोदी) समाज में ध्रुवीकरण तेज करने पर फोकस कर रहे हैं। इसका मुकाबला करने के लिए पहले 'भारत जोड़ो यात्रा' और अब 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' हमारी बूस्टर खुराक होने जा रही है।

### नंदुरबार से नेहरू-गांधी परिवार का पुराना नाता

नंदुरबार जिला नेहरू-गांधी परिवार के साथ अपने संबंधों के लिए जाना जाता है। इस आदिवासी बहुल जिले में सतपुड़ा की पर्वत श्रृंखलाएं और नर्मदा नदी घाटी है। उत्तर महाराष्ट्र का नंदुरबार जिला गुजरात मध्यप्रदेश को भी छूता है। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के बेटे राजीव गांधी भी यहीं से चुनाव प्रचार का श्रीगणेश करते थे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 1998 में नंदुरबार में एक विशाल जनसभा की थी जिसके बाद वह राजनीति में सक्रिय हुई थी। यहीं से सोनिया गांधी ने घोषणा की थी कि वह कभी सत्ता का कोई भी पद ग्रहण नहीं करेंगी। उसके बाद साल 1998 में हुए चुनाव में लोकसभा की 48 सीटों में से कांग्रेस ने 33 पर जीत दर्ज की थी।

## भाजपा किसे टिकट देगी उद्धव न करें चिंता: गडकरी

**एजेंसी** | मुंबई

केंद्रीय राजमार्ग व परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के उन्हें विपक्ष का टिकट देने की पेशकश को हास्यास्पद बताते हुए ठुकरा दिया है। उन्होंने ठाकरे पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें इस बात की चिंता करने की जरूरत नहीं है कि भाजपा किसे मैदान में उतारती है। गडकरी ने उद्धव ठाकरे के बयान को अपरिपक्व और हास्यास्पद बताते हुए मंगलवार को कहा कि भाजपा ने चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन को लेकर एक प्रणाली बना रखी है इस दौरान गडकरी ने भरोसा जताया कि आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा नीत राजग को 400 से अधिक सीटें मिलेंगी। गडकरी ने द्वारका एक्सप्रेसवे के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ये एक अत्याधुनिक परियोजना है। सरकार ने इसमें अनुबंध देने में अनुमान के मुकाबले निर्माण लागत में 20 प्रतिशत की बचत की है।

भाजपा ने एक तीर से साधे निशाने: लोकसभा चुनाव में जाटों के वोट बंटना तय

# हरियाणा में अब गैर जाट राजनीति होगी सत्ता की धुरी!

**एजेंसी** | चंडीगढ़

भाजपा हरियाणा की राजनीति में दबदबा रखने वाले चार-पांच परिवारों से इतर नए सियासी समीकरण गढ़ने में लगी है। पहले मनोहर लाल खट्टर और अब नायब सिंह सैनी को राज्य का मुख्यमंत्री बनाकर अपनी यह मंशा साफ कर दी है। राजनीतिक मामलों के विश्लेषकों के अनुसार

दुष्यंत चौटाला से रिश्ता तोड़कर भाजपा ने हरियाणा में एक तीर से कई निशाने लगाए हैं।



हरियाणा में गैर जाट की राजनीति करने का संदेश दिया गया है। एक मोटे अनुमान के अनुसार राज्य में गैर जाट 80 प्रतिशत और जाट समुदाय 20 प्रतिशत हैं। जाहिर तौर पर दुष्यंत चौटाला के अलग लड़ने से जाट वोट बंटेंगे। साफ तौर पर जाट वोट एकतरफा कांग्रेस को नहीं मिल सकेगा। इससे कांग्रेस का भी नुकसान होगा. जबकि जाट वोट बंटने से कुछ सीटों पर भाजपा को फायदा हो सकता है। सैनी का सीएम बनाकर संभवतः भाजपा ने यह संदेश देने का प्रयास भी किया है कि पार्टी गैर-जाटों का भी समर्थन करती है। सूत्रों ने बताया कि चौधरी बीरेंद्र सिंह के बेटे और हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र चौधरी का पिछले हफ्ते कांग्रेस में शामिल होना भी गैर-जाट समीकरण से जुड़ा है।

### कांग्रेस के साथ हैं जाट वोट

हरियाणा में जाट कांग्रेस के साथ हैं। कुछ वोट इनेलो भी ले जा सकती है। अगर जाट वोटों का एक और दावेदार आ जाए तो इसमें कोई दो राय नहीं कि भाजपा का काम आसान हो जाएगा। जेजेपी के साथ होने से भाजपा को कोई फायदा नहीं होने वाला था। जेजेपी अगर भाजपा से अलग चुनाव लड़ती है तो पार्टी को ज्यादा फायदा हो सकता है। यह बात जितनी भाजपा के लिए सही है उतना ही जेजेपी के लिए सही है।

सीएए पर सियासत हुई तेज

# तमिलनाडु सीएए को लागू नहीं करेगा, यह संविधान के खिलाफ: स्टालिन

**एजेंसी** | नई दिल्ली

नागरिकता संशोधन अधियम (सीएए) के नियम लागू होने के साथ ही इस पर सियासत तेज हो गई है। कई विपक्षी पार्टियों ने इसको लेकर केंद्र सरकार पर मंगलवार को दूसरे दिन भी निशाना साधा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सीएए को विभाजनकारी और बेकार बताते हुए कहा कि इसे उनके राज्य में लागू नहीं किया जाएगा। केरल के मुख्यमंत्री पिनाई विजयन और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी कहा है कि वे अपने राज्य में इस कानून का लागू नहीं करेंगे। स्टालिन ने कहा कि सीएए और इसके नियम संविधान की



मूल संरचना के खिलाफ हैं। सीएए से कोई लाभ नहीं होने वाला है। यह भारतीय जनता के बीच सिर्फ फूट डालने का रास्ता तैयार करेगा। उनकी सरकार का रुख यह है कि यह कानून पूरी तरह अनुचित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, स्टालिन ने कहा कि तमिलनाडु सरकार राज्य में सीएए लागू करने का किसी भी तरीके से कोई अवसर नहीं देगी

अभिनेता और राजनेता थलपति विजय ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम के कार्यान्वयन पर केंद्र की आलोचना की है और तमिलनाडु सरकार से यह सुनिश्चित करने का अनुरोध किया है कि इसे राज्य में लागू न किया जाए।

### मौलाना रजबी ने किया समर्थन, कहा-हर मुस्लिम करे सीएए का स्वागत

इसी बीच, ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने सीएए का खुलकर समर्थन किया है। रजवी ने एक वीडियो संदेश में कहा, भारत सरकार ने सीएए कानून लागू कर दिया है। मैं इस कानून का स्वागत करता हूं। यह पहले ही हो जाना चाहिए था लेकिन देर आए दुरुस्त आए। उन्होंने इसका विरोध करने वालों पर निशाना भी साधा। रजवी ने कहा कि इस कानून से देश के करोड़ों भारतीय मुस्लिम बिल्कुल भी प्रभावित नहीं होंगे। यह कानून किसी भी मुस्लिम की नागरिकता नहीं छीनने वाला है। गलतफहमियों के कारण पहले विरोध-प्रदर्शन हुए थे। कुछ राजनीतिक लोगों ने मुसलमानों के बीच गलतफहमियां पैदा की हैं। हर मुस्लिम को सीएए का स्वागत करना चाहिए। इस कानून को लेकर मुसलमानों में बहुत सारी गलतफहमियां हैं। इस कानून का मुस्लिमों से कोई लेना-देना नहीं है।

### ध्रुवीकरण की कोशिश

एआईएमआईएम प्रवक्ता वारिस पठान ने कहा, सरकार चुनाव से पहले ध्रुवीकरण की कोशिश कर रही है। वे विकास के क्षेत्र में विफल रहे हैं। उनके पास सवालों के जवाब नहीं है। इसलिए वे ये ले आए। हमने पहले भी इसका विरोध किया था और आज भी कहते हैं कि यह कानून असंवैधानिक है। हमें इस पर आपत्ति है।

### मुस्लिम लीग पहुंची सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**। सुप्रीम कोर्ट में सीएए कानून के खिलाफ याचिका इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग की तरफ से याचिका दायर की गई है, जिसमें कानून पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि नागरिकता संशोधन कानून के तहत कुछ धर्मों के लोगों को ही नागरिकता दी जाएगी, जो संविधान के खिलाफ है।

### सीएए कानून में यह है प्रावधान

सीएए कानून के तहत भारत के तीन पड़ोसी देशों पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से धार्मिक तौर पर प्रताड़ना के शिकार होकर भारत आने वाले गैर मुस्लिमों को भारत की नागरिकता देने का प्रावधान है।

### बिना NRC आवेदन के नागरिकता मिली तो इस्तीफा: सरमा

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मंगलवार को गुवाहाटी में कहा कि अगर किसी व्यक्ति को बिना एनआरसी के आवेदन पर नागरिकता मिलती है तो वह इस्तीफा दे देंगे। उनका यह बयान सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों को लागू करने पर असम में विपक्षी पार्टियों के प्रदर्शन के बाद आया है। प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि सीएए लागू होने के बाद लाखों की संख्या में लोग राज्य में प्रवेश किए थे। सरमा ने आगे कहा, सीएए का समर्थन करने वाले भी असम में है और जो इसका समर्थन नहीं कर रहे हैं, वे भी यहां है। जो भी सीएए का विरोध कर रहे हैं, वे कोर्ट जा सकते हैं। हमारा उद्देश्य राज्य में शांति बनाए रखना है। मैं सभी से अपील करना चाहता हूं कि वे इस दिशा में आगे बढ़ें।

## जरूरी खबर

### विदेश सचिव का कार्यकाल छह माह बढ़ाया



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा का कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने कहा है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 1988 बैच के भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी क्वात्रा की विदेश सचिव के रूप में सेवा में छह माह की अवधि के विस्तार को मंजूरी दी है। क्वात्रा 30 अप्रैल को सेवानिवृत्त होने वाले थे। इसके साथ ही विदेश सचिव का कार्यकाल इस साल 31 अक्तूबर तक के लिए बढ़ा दिया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने सीआरपीएफ के महानिदेशक अंशुमान यादव के प्रतिनियुक्ति कार्यकाल 27 मई 2024 से दो साल की अवधि के लिए बढ़ाने के गृह मंत्रालय के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है।

### मोदी की फोन पर ब्रिटिश पीएम से कई मुद्दों पर चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से टेलीफोन पर मंगलवार को बातचीत की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट के जरिए खुद यह जानकारी दी। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर चर्चा हुई। साथ ही मुक्त व्यापार समझौते के लिए काम करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस बीच, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने 2 प्रमुख अभियानों 'चलो इंडिया' और 'लिविंग ब्रिज' की शुरुआत की है। चलो इंडिया अभियान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए है जबकि लिविंग ब्रिज अभियान ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों के योगदान का जश्न मनाने के लिए है। चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभियान की घोषणा प्रधानमंत्री मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में की थी।

### चीन की आपत्ति खारिज, अरुणाचल भारत का हिस्सा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही के अरुणाचल प्रदेश के दौरे पर चीन की प्रतिक्रिया पर भारत ने मंगलवार को कड़ा रुख अपनाते हुए उसके दावे को खारिज कर दिया और कहा कि यह राज्य हमेशा भारत का अभिन्न हिस्सा था, है और रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि चीनी पक्ष को कई मौकों पर इस रुख से अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय नेताओं द्वारा अरुणाचल प्रदेश के ऐसे दौरों या राज्य में भारत की विकास परियोजनाओं पर आपत्ति जताने का कोई औचित्य नहीं है।

## बापू के आश्रम में पीएम मोदी





*अहमदाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को पुनर्विकसित कोचराब आश्रम और साबरमती आश्रम परियोजना के लिए मास्टर प्लान का लोकार्पण किया। इस दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को नमन करते हुए पीएम मोदी और इस मौके पर उपस्थित लोग।*

### जो विरासत नहीं संजो पाते, वे भविष्य खो देते हैं

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि आज जब भारत विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तो महात्मा गांधी की ये तपोस्थली हम सभी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि जो देश अपनी विरासत नहीं संजो पाता, वो देश अपना भविष्य भी खो देता है। बापू का ये साबरमती आश्रम, देश की ही नहीं, बल्कि मानवजाति की ऐतिहासिक धरोहर है। प्रधानमंत्री मोदी ने कोचराब आश्रम और साबरमती आश्रम परियोजना के लिए मास्टर प्लान का लोकार्पण करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद जो सरकारें रहीं, उनमें देश की ऐसी विरासत को बचाने की न सोच थी और न ही राजनीतिक इच्छाशक्ति थी। एक तो विदेशी दृष्टि से भारत को देखने की आदत थी और दूसरी तुष्टीकरण की मजबूरी थी। जिसकी वजह से भारत की विरासत, हमारी महान धरोहर ऐसे ही तबाह होती रही। सदियों की गुलामी के कारण जो देश हताशा का शिकार हो रहा था, उसमें बापू ने आशा भरी थी, विश्वास भरा था।

## नागरिकता संशोधन कानून पर गृह मंत्रालय ने किया स्पष्ट

# मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं... नागरिकता पर आंच नहीं

**यह भी कहा गृह मंत्रालय ने**

- भारतीय मुसलमानों को हिंदुओं के समान अधिकार मिलते रहेंगे
- नागरिकता साबित करने को किसी से कोई दस्तावेज नहीं मांगा जाएगा

एजेंसी | नई दिल्ली

केंद्र ने मंगलवार को कहा कि भारतीय मुसलमानों को डरने की कोई जरूरत नहीं है क्योंकि नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) उनकी नागरिकता को कतई प्रभावित नहीं करेगा और उन्हें हिंदुओं के सामान अधिकार मिलते रहेंगे।

सरकार ने सीएए को सोमवार को अधिसूचित किया था। इस कानून में बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 तक भारत आए हिंदू, जैन, ईसाई, सिख, बौद्ध और पारसियों को नागरिकता प्रदान करने का प्रविधान है। गृह मंत्रालय ने सीएए के संबंध में मुसलमानों और छात्रों के एक वर्ग के डर को दूर करने की कोशिश करते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि इस अधिनियम के बाद किसी भी भारतीय नागरिक को अपनी नागरिकता साबित करने के लिए कोई दस्तावेज पेश करने के लिए नहीं कहा जाएगा। गृह मंत्रालय ने अपने बयान में कहा- पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न के कारण दुनियाभर में इस्लाम का नाम बुरी तरह से बदनाम हो गया है।




### अप्रवासियों के निर्वासन से संबंध नहीं

कानून की आवश्यकता बताते हुए गृह मंत्रालय ने कहा कि भारत का अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ प्रवासियों को इन देशों में वापस भेजने के लिए कोई समझौता नहीं हुआ है। इसमें कहा गया है कि यह नागरिकता अधिनियम अवैध अप्रवासियों के निर्वासन से संबंधित नहीं है। इसलिए मुसलमानों और छात्रों सहित इस समुदाय के एक वर्ग की यह चिंता कि सीएए मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ है, अनुचित है।

### मुसलमानों के नागरिकता लेने पर रोक नहीं

मंत्रालय ने कहा कि नागरिकता अधिनियम के अनुच्छेद-छह के तहत दुनिया में कहीं से भी मुसलमानों को भारतीय नागरिकता लेने पर कोई रोक नहीं है, जोकि मूल रूप से नागरिकता से संबंधित है। भारतीय मुसलमानों के सभी अधिकार बरकरार रहेंगे। अफगानिस्तान, बांग्लादेश या पाकिस्तान में धार्मिक आधार पर जिन्हें प्रताड़ित किया गया था, सीएए उनके लिए लाया गया है।

## एसबीआई ने उठाया कदम

# चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग को सौंपा




एजेंसी | नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चुनावी बॉन्ड का विवरण चुनाव आयोग (ईसी) को सौंप दिया है। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को चौबीस घंटे के भीतर चुनावी चंदे की जानकारी आयोग को सौंपने का आदेश दिया था। ईसी ने विवरण मिलने की पुष्टि की है। चुनाव आयोग ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय के 15 फरवरी और 11 मार्च के आदेश के अनुपालन में एसबीआई द्वारा मंगलवार को उसे चुनावी चंदे की जानकारी प्रदान की गई है।

फिलहाल यह पता नहीं चला है कि एसबीआइ की तरफ से यह जानकारी किस रूप में दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले एसबीआइ की तरफ से चुनावी बांड की जानकारी देने की अवधि 30 जून, 2024 करने के आवेदन को रद्द कर दिया था। अदालत ने एसबीआई को राहत देने से इनकार करते हुए कहा था कि एसबीआई कल (मंगलवार) तक ही जानकारी चुनाव आयोग को सौंपे और चुनाव आयोग 15 मार्च तक चुनावी चंदे के विवरण को सार्वजनिक करे।

### एससीबीए के प्रमुख ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

इस बीच, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अदिश सी अग्रवाल ने चुनावी बॉन्ड पर फैसले को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है। पत्र में अग्रवाल ने कहा कि राष्ट्रपति मुर्मू को चुनावी बॉन्ड योजना पर अदालत के फैसले पर रोक लगानी चाहिए। पत्र में उन्होंने कहा कि पूर्ण न्याय के लिए पूरे मामले को फिर से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए।

# खनिज पर संसद ही लगा सकती है कर, कानून में स्पष्ट क्यों नहीं: SC

एजेंसी | नई दिल्ली

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ जजों की पीठ ने टैक्स से जुड़े मुकदमे पर केंद्र सरकार से सवाल किया है कि केवल संसद के पास ही खनिजों पर टैक्स लगाने का अधिकार है। राज्यों को खनिजों पर टैक्स की वसूली करने का अधिकार नहीं है। अगर कानून ऐसा है तो देश की खनिज संपदा पर टैक्स वसूली से जुड़े संबंधित कानून में यह प्रावधान स्पष्ट शब्दों में क्यों नहीं है? मामले में सुनवाई 13 मार्च को भी जारी रहेगी।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस अभय एस ओका, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से अदालत के समक्ष मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान कहा, केंद्र सरकार एकरूपता लाने के लिए खनिजों पर टैक्स की दरें तय करती है।

## मॉरीशस में राष्ट्रपति मुर्मू का अभिनंदन





***पोर्ट लुईस।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मॉरीशस की यात्रा पर हैं। उन्होंने मंगलवार को वहां पर मोका स्थित महात्मा गांधी संस्थान का दौरा किया और कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। ऐतिहासिक दांडी मार्च की वर्षगांठ पर राष्ट्रपति महात्मा गांधी संस्थान में आयोजित एक नागरिक अभिनंदन समारोह में गांधी के सार्वभौमिक आदर्शों को याद किया।*

## भारत-रूस के बीच नए समुद्री मार्ग पर वार्ता

# घट जाएगी एशिया से यूरोप की दूरी, बढ़ेगा व्यापार

एजेंसी | नई दिल्ली

भारत-रूस दोनों देशों के बीच एक नए व्यापार मार्ग उत्तरी समुद्र मार्ग को विकसित करने पर चर्चा कर रहे हैं। इस मार्ग से रूस का तेल, कोयला और एलएनजी भारत जल्दी पहुंच सकेंगे। साथ ही इस मार्ग से एशिया की यूरोप से दूरी भी कई हजार किलोमीटर कम हो जाएगी। रूस की सरकारी एटॉमिक एनर्जी कॉरपोरेशन रोसातोम के सीईओ ए ई लिखाचेवा कहा है कि भारत और रूस के बीच थर्मोन्यूक्लियर फ्यूजन और उत्तरी समुद्र मार्ग (नॉर्थ सी रूट) को संयुक्त रूप से विकसित करने की बात हो रही है। नॉर्थ सी रूट आर्कटिक सागर के पूर्वी और पश्चिमी छोर को जोड़ता है और समुद्र के रास्ते व्यापार के मामले में यह रूट गेमचेंजर साबित हो सकता है। लिखाचेवा ने ये भी कहा कि भारत और रूस के बीच आने वाले समय में परमाणु तकनीक के क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ने की संभावना है और इसमें गैर ऊर्जा और गैर-परमाणु क्षेत्रों पर फोकस किया जाएगा। लिखेचेवा ने बताया कि हम यूरो-एशियन कंटेनर ट्रांजिट प्रोजेक्ट के फ्रेमवर्क पर सहयोग के विकल्प तलाश रहे हैं। अभी पश्चिम से पूर्व के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार वेस्ट-ईस्ट ट्रांजिट रूट से होता है। इसकी दूरी 21 हजार किलोमीटर है। इस रूट से एशिया से यूरोप तक सामान भेजने में करीब एक महीने का समय लगता है। उत्तरी समुद्र मार्ग के विकसित होने के बाद यह दूरी घटकर 13 हजार किलोमीटर रह जाएगी और सामान भेजने में भी एक महीने के बजाय सिर्फ दो हफ्ते का समय लगेगा। उत्तरी समुद्र मार्ग से व्यापारिक गतिविधियां तेज होंगी और इसका अर्थव्यवस्था पर भी सकारात्मक असर पड़ेगा।



### क्या है योजना

- उत्तरी समुद्र मार्ग को विकसित
- वर्तमान दूरी है 21000 किलोमीटर
- मार्ग बनने के बाद रह जाएगी 13000 किलोमीटर
- वर्तमान में सामान पहुंचने में लगता है एक माह
- बाद में लगेंगे दो सप्ताह

### परमाणु क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा

लिखाचेवा ने कहा कि भारत और रूस में परमाणु क्षेत्र में सहयोग की भी काफी संभावनाएं हैं। उन्होंने बताया कि कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा केंद्र के निर्माण के दौरान दोनों देशों को साथ मिलकर काम करने का काफी अनुभव मिला। लिखाचेवा ने बीते महीने तमिलनाडु के कुडनकुलम न्यूक्लियर पावर प्लांट का दौरा किया था। यह न्यूक्यिलर पावर प्लांट रूस के सहयोग से ही बनाया जा रहा है। लिखाचेवा ने बताया कि भारतीय कंपनियां, रोसातोम द्वारा बांग्लादेश के रूपपुर में बनाए जा रहे परमाणु ऊर्जा प्लांट के निर्माण से भी जुड़ी हैं।

## अरब सागर में संयुक्त अभियान

# 480 करोड़ की ड्रग्स बरामद छह पाकिस्तानी गिरफ्तार

एजेंसी | पोरबंदर

भारतीय तटरक्षक बल, गुजरात एटीएस और एनसीबी ने अरब सागर में एक बड़ा अभियान चलाते हुए नशे के कारोबार पर बड़ी चोट की है। इस संयुक्त अभियान में छह पाकिस्तानी नागरिकों को भारी मात्रा में ड्रग्स के साथ पकड़ा गया है।

एनसीबी के अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार पाकिस्तानियों के पास से 480 करोड़ रुपए मूल्य की ड्रग्स बरामद हुई है। सभी को पोरबंदर लगाया गया है। एनसीबी के अधीक्षक सुनील जोशी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर भारतीय तटरक्षक बल, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और गुजरात एटीएस ने अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास अरब सागर में संयुक्त अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि 11-12 मार्च की रात में ये अभियान चलाया गया।

नाव को पोरबंदर से लगभग 350 किलोमीटर दूर अरब सागर में भारतीय तटरक्षक बल के जहाजों और डोर्नियर विमान ने समुद्री-हवाई समन्वित अभियान में रोका। जिसके बाद नाव से छह चालक दल के सदस्य और 80 किलोग्राम ड्रग्स को बरामद किया गया। बरामद ड्रग्स की कीमत 480 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

## IPL-2024: RR ने महिलाओं को समर्पित पूर्ण गुलाबी जर्सी का किया अनावरण

# राजस्थान रॉयल्स की जर्सी पर नाम देख भावुक हुई महिलाएं

**बेधड़क.जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स ने गुलाबी नगरी में अपनी विशेष ऑल-पिंक जर्सी का अनावरण किया तो क्रिकेट प्रेमी रोमांचित हो उठे। इस मौके पर श्रीलंका के दिग्गज क्रिकेटर रहे कुमार संगाकारा मौजूद रहे, जिन्होंने स्ट्रेटर्जी बताई। इस मौके पर खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, राजस्थान रॉयल्स चेयरपर्सन और रॉयल्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जेक लश मैक्रम उपस्थित थे। प्रोग्राम में सशक्त महिलाएं भी आईं, जिनके हौंसलों को वहां दिखाया गया और उनका सम्मान किया। वीडियो के जरिए उनकी भावनाओं और कैंपेन को सामने लाया गया।



फोटो: पंकज शर्मा

### पूर्व कप्तानों को वीआईपी ट्रीटमेंट

राठौड़ ने कहा कि जितने भी जूनियर-सब जूनियर्स हैं उनके लिए अलग से स्टेडियम में जगह रिजर्व होगी। पूर्व कप्तानों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जाएगा और उनको अलग से बैठाया जाएगा। ऐसा आज से पहले कभी नहीं हुआ। सभी को सम्मान देते हुए मैच में इनवाइट किया जाएगा।





### मेहनत को सलाम

रॉयल्स ने महिला लाभार्थियों की यात्राओं पर प्रकाश डाला और उनकी कड़ी मेहनत को सलाम करने के लिए विशेष जर्सियों के डिजाइन में उनके नाम उकेरे हैं। ऐसे में जर्सी पर स्वयं का नाम देखकर महिलाएं भावुक और खुश नजर आईं। उन्होंने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए इसे बड़ा सम्मान बताया।

### महिलाओं को किया सम्मानित

इस मौके पर उन महिला लाभार्थियों को सम्मानित किया गया, जो फ्रेंचाइजी की सामाजिक इक्विटी शाखा रॉयल राजस्थान फाउंडेशन के समर्थन से ग्रामीण राजस्थान में महत्वपूर्ण, परिवर्तनकारी बदलाव ला रही हैं। साथ ही महिलाओं को विशेष पिंक पास से मैच में भाग लेने के लिए पहला निमंत्रण दिया गया। ऐसे में सम्मानित महिलाएं और उनके परिजन रोमांचित और भावुक नजर आए। पिंक प्रॉमिस मैच का उद्देश्य ग्रामीण भारत की प्रेरणादायक और सशक्त महिलाओं को टीम का समर्थन बढ़ाना है। फाउंडेशन की 'औरत है तो भारत है' से सशक्त महिलाओं को प्रेरित किया है। ये वे महिलाएं थीं, जो सकारात्मक बदलाव के लिए बाधाओं को तोड़ रही हैं।

### नौवीं क्लास में जूते ले जाता था साथ

मंत्री ने किस्सा सुनाते हुए युवाओं को मोटिवेट किया और बताया कि मैं एक किताब पढ़ता था, जो ग्रंथ की तरह थी। मैं स्कूल बैग में किताबों के साथ अपने जूते साथ ले जाता था और लंच टाइम में शूज पहनकर स्टेडियम के चक्कर लगाता था। रनिंग करता था और मोटिवेट होता था। ऐसा ही हमारे वर्ल्ड क्लास क्रिकेटर्स सभी को मोटिवेट करते हैं। हमारे लिए सम्मान की बात है कि ऐसे मेंटर राजस्थान में आ रहे हैं और युवा प्लेयर्स को सपोट कर रहे हैं।

## प्रतिभाओं का किया सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** श्री पिंजरापोल गौशाला के सनराइज ऑर्गेनिक पार्क में अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद, अखिल भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ, इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर स्किल डवलपमेंट, हेनिमन चेरिटेबल मिशन सोसायटी की ओर से आयोजित राष्ट्र निर्माण में सहयोगी प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस कमीश्नर बीजू जॉर्ज जोसेफ, विज्ञान भारती राजस्थान के संगठन सचिव डॉ. मेघेंद्र शर्मा, महिला व बाल विकास विभाग के शासन सचिव डॉ. मोहनलाल यादव व ओएफपीएआई राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अतुल गुप्ता ने गुरजंट सिंह धालीवाल को प्रश्स्ति पत्र देकर, दुपट्टा पहनाकर व ग्रीन सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी संगीता गौड़, दीपक शर्मा सहित अनेक जनों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में हेनिमेन सोसायटी की सचिव मोनिका गुप्ता मौजूद रही।

## इंटरनेशल सिम्पोजियम आज से

**बेधड़क. जयपुर।** वीकेआई स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में मेटल के स्कल्पचर पर 7 दिवसीय इंटरनेशल सिम्पोजियम का आगाज बुधवार से होगा। शिल्पांजलि आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में इंटरनेशनल सिम्पोजियम में देश-विदेश के 5 आर्टिस्ट हिस्सा लेंगे। संयोजक राजकुमार पंडित ने बताया कि पहली बार कोरिया के आर्टिस्ट एलएन तालूर शामिल होंगे। इसके अलावा कर्नाटक से संथामनी मुथई, केरला से जीजी सकारिया व सुमेध राजेंद्रन, महाराष्ट्र से सुनील गावड़े हिस्सा लेंगे। आर्टिस्ट 19 मार्च तक मूर्तियों का डेमो तैयार करेंगे। इसके बाद इन्हें वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी के आर्टिस्ट मेटल (धातु) में तब्दील करेंगे, जिन्हें बनाकर यहां रखा जाएगा। इसका उद्देश्य देश-विदेश में आर्ट एंड कल्चर से जुड़े स्टूडेंट्स को मोटिवेट करना है। इस दौरान राजभवन में सभी आर्टिस्टों का राज्यपाल कलराज मिश्र सम्मान करेंगे।

## तैलंग को समर्पित होगा कला उत्सव



**बेधड़क. जयपुर।** पर्यावरण आधारित राष्ट्रीय संजीवनी कला महोत्सव इस बार ध्रुपद मार्तंड स्व. पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग को समर्पित होगा। बुधवार से जवाहर कला केंद्र में शाम 6 बजे से होने वाले कार्यक्रम में कला प्रेमी हिस्सा लेंगे। स्व. पंडित लक्ष्मण भट्ट तैलंग ने देश-विदेश में ध्रुपद गायन के कार्यक्रम प्रस्तुत किए थे और ध्रुपद गायकी को जन-जन तक पहुंचाया। हाल ही में पद्मश्री पुरस्कार से नवाजा गया। पहले दिन कृष्णायन में शाम 6:30 बजे संजीवन कथक नृत्य गुरु मंजरी किरन महाजनी के नृत्य संयोजन में और रंगायन में शाम 7 बजे अमृतसर के केवल धालीवाल के निर्देशन में नाटक दुश्मन का मंचन किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### पारीक राष्ट्रीय महासचिव निर्वाचित



**बेधड़क. जयपुर।** ऑल इंडिया सेंट्रल बैंक रिटायर्ड ऑफिसर्स फेडरेशन (एआईसीबीआरओएफ) के सदस्यों के त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन में नवीन कार्यकारिणी समिति का चुनाव किया गया, जिसमें जयपुर के एनके पारीक को पुन: निर्विरोध राष्ट्रीय महासचिव निर्वाचित किया गया। क्षेत्रीय सचिव पदम जैन बिलाला ने बताया कि जयपुर से बीएस राठौड़ कार्यालय सचिव, ललित शर्मा सहायक कोषाध्यक्ष, मनोज शर्मा, आरके जैन कार्यकारिणी के सदस्य निर्वाचित हुए। इन सभी का मंगलवार को जयपुर पहुंचने पर सदस्यों द्वारा सम्मान गया।

### रवींद्र मंच पर रंग उत्सव आज से



**बेधड़क. जयपुर।** सांस्कृतिक और कलात्मक स्थल रवींद्र मंच के हीरक जयंती के अवसर पर कला व संस्कृति विभाग की ओर से बुधवार से चार दिवसीय रंग उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। रवींद्र मंच प्रबंधक सोविला माथुर ने बताया कि रंग उत्सव में रोज सुबह 11 से शाम 7 बजे तक चलने वाले विभिन्न एक्टिविटीज में आर्ट कैंप, कल्चरल परफॉरमेंस, थिएटर, संवाद, शेरो-शायरियों की महफिलें सजेंगी। खास आकर्षण राग कार्यक्रम, लयबद्ध अतीत का प्रदर्शन और 10.5 फीट लंबी हस्तलिखित कुरान का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में आर्ट और क्राफ्ट को प्रमुख रखते हुए कंटेम्प्ररी आर्ट कैंप, सकल्पचर्स कैंप, ट्रेडिशनल आर्ट कैंप, फोटो-आर्ट एग्जीबिशन, कैलीग्राफी वर्कशॉप, रंग-संवाद, रेजिन आर्ट वर्कशॉप, ओपन माइक, स्टोरी टेलिंग, पोएट्री, ड्रम सर्किल, डीआईवाय जैसी प्रदर्शनी और कार्यशाला होंगी। वहीं, आर्टिस्ट बजरंग मेवात द्वारा लोक संगीत पर सांस्कृतिक प्रदर्शन और अनीता रायजादा द्वारा क्लासिकल म्यूजिक की परफॉर्मन्स होगी। पहले दिन थिएटर टाइम में अभिज्ञान शाकुंतलम द्वारा सुफियान सूफी होगी।

### अरहनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया

**बेधड़क. जयपुर।** जैन धर्मावलंबियों द्वारा जैन धर्म के 18वें तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का गर्भ कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मन्दिरों में पूजा-अर्चना के आयोजन हुए। अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद जैन कोटखावदा ने बताया, कि सुबह भगवान अरहनाथ के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति और समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई।

## कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली 51 महिलाओं का होगा सम्मान



**बेधड़क | जयपुर**

जागृति फाउंडेशन व ग्रीन गेट इंग्लिश सीनियर सैकंडरी स्कूल की ओर से जयपुर में धमाल होगा, क्योंकि रंगीलो राजस्थान होली धमाल कार्यक्रम 19 मार्च को विद्याधर नगर स्थित एमपी थिएटर में आयोजित किया जाएगा। इसके लिए पोस्टर विमोचन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला शक्ति शामिल रही।

जागृति फाउंडेशन की अध्यक्ष व वार्ड 21 पार्षद प्रियंका अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महिला कार्यकर्ताओं के मुख्य सहयोग से कार्यान्वित होगा।

इसमें महिलाओं को फ्री स्टॉल दी जाएगी। कार्यक्रम में शेखावाटी कल्चरल ऑफ मंडावा झुंझुनू 27 कलाकारों के द्वारा चंग-ढाप के साथ होली की विशेष प्रस्तुति दी जाएगी। शाम 5 से रात 10 बजे होने वाले कार्यक्रम का हिस्सा उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी, महापौर सौम्या गुर्जर, विधायक गोपाल शर्मा व बालमुकंदाचार्य, उप-महापौर पुनीत कर्णावट बनेंगे। साथ ही डांस परफॉर्मेंस, होली धमाल ड्रेस कोड प्राइज, टैटू आर्ट, लकी ड्रॉ, लाइव सिंगिंग, सरप्राइज एक्टिविटी, गिफ्ट हैंपर, डिस्काउंट वाउचर आदि मुख्य आकर्षण होंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कर्ष्ट कार्य करने वाली 51 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। पोस्टर लॉन्च सेरेमनी में राघवेंद्र खंडेलवाल, विनोद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, नाथू दूधवाला, राजेंद्र मीणा, सत्यनारायण गुप्ता व हंसराज परवानी उपस्थित थे।

## गाने का वीडियो देख जवानों के परिजन भावुक




**जयपुर।** दी केरला स्टोरी की ब्लॉकबस्टर सक्सेस के बाद निर्माता विपुल अमृतलाल शाह एक और ऐसी ही मूवी लेकर आ रहे हैं बस्तर। फिल्म का डायरेक्शन भी दी केरला स्टोरी के निर्देशक सुदिप्तो सेन ने ही किया है। मूवी में मुख्य भूमिका में भी हीरोइन अदा शर्मा ही है। मेकर्स ने मंगलवार को मूवी का गाना लॉन्च किया और प्रेस मीट रखी। इसमें उन्होंने सीआरपीएफ के जवानों के परिवारों को आमंत्रित किया। गाना देखने के बाद जवानों के परिजन भावुक हो गए। बता दें कि यह मूवी 15 मार्च को सिनेमाघरों में पहुंचेगी।

## गुलाबी नगरी का टैलेंट

# सेमुअल का गाना 'तुम थे' जल्द होगा लॉन्च



**बेधड़क. जयपुर।** गुलाबी नगरी के टैलेंटेड सिंगर-कम्पोजर पंडित सेमुअल का गाना 'तुम थे' रीलीज होने जा रहा है, जिसे बॉलीवुड सिंगर रोमिया डे ने गाया है।

संगीत बॉलीवुड गिटार वादक स्व. सुजॉय डे ने डिजाइन किया था। गौरतलब है कि गायक मंडली में विभिन्न तकनीकों का प्रयोग करने में विशेषज्ञता प्राप्त पंडित सेमुअल के 7 भजन 2019 में टी-सीरीज से रिलीज हुए थे। साथ ही एक गाना शहादत को नमन लॉन्च किया गया था। उन्होंने हाल ही में जयपुर में टैलेंट को निखारा और नि:शुल्क सोच से गायकों को आगे बढ़ाया। उन्होंने बताया कि टैलेंट और सीखने की ललक हो तो कोई भी जरूरतमंद नि:शुल्क सीख सकता है।

## नेशनल हैंडबॉल प्रतियोगिता | खिताबी मुकाबले में इंडियन रेलवे से हारी

# सीनियर महिला टीम को फाइनल में मिला रजत पदक

**बेधड़क | जयपुर**

सीनियर महिला राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान ने रजत पदक जीता। खिताबी मुकाबले में गत उपविजेता इंडियन रेलवे ने राजस्थान को 22-08 (12-06) से हराया।

उत्तर प्रदेश व हरियाणा ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किए। मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि हाथरस (उत्तर प्रदेश) में 7 से 11 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में इससे पहले सेमीफाइनल में हरियाणा को 32-31 (16-14 ) से, क्वार्टर फाइनल में बिहार को 29-11 (12-09) से व प्री-क्वार्टर फाइनल में महाराष्ट्र को 26-11 (14-06) से हराया। इससे पहले लीग मैचेस में राजस्थान ने दिल्ली को 20-19 ( 9-10) से व तेलंगाना को 29-02 (21-01) से हराया था।

टीम की मुख्य कोच मनीषा राठौड़ और कोच प्रीति थीं। समापन समारोह में पावना ग्रुप के स्वप्निल जैन, प्रिया जैन व हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डॉ. आनंदेश्वर पांडे उपस्थित थे। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने जीत पर टीम खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और स्पोर्ट स्टॉफ को बधाई दी।

रजत पदक विजेता राजस्थान महिला हैंडबॉल टीम में पूजा कंवर (कप्तान), रुक्मणी, वर्षा जाखड़, रेखा चौधरी, आरती, टीना, प्रिया कंवर, पूजा गुर्जर, प्रियंका कंवर, सविता मीणा, नोरती, रविषा, मोहिनी, पूजा, स्वाति, प्रेमलता, सीता, अंतिमा शामिल थीं।





सफलता के लिए आपका दृष्टिकोण भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितनी आपकी क्षमता।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन से पूरा किया क्रू-6 मिशन

# छह महीने अंतरिक्ष में बिताकर धरती पर लौटे 4 यात्री

**एजेंसी** | केप कैनावेरल

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (ISS) पर छह माह बिताने के बाद चार देशों के चार अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को धरती पर लौट आए। उनका कैप्सूल मंगलवार तड़के पूरे अमेरिका में घूमता रहा और फिर फ्लोरिडा पैनहैंडल के निकट मेक्सिको की खाड़ी में उतरा। नासा के जैसमिन मोघबेली ने लौटने वाले दल का नेतृत्व किया। दल में डेनमार्क के एंड्रियास मोगेन्सन, जापान के सातोशी फुरुकावा और रूस के कॉन्स्टेंटिन बोरिसोव शामिल रहे। ये गत अगस्त आइएसएस पर पहुंचे थे और गत सप्ताह उनके स्थान पर अन्य अंतरिक्ष यात्री आइएसएस पहुंच गए। मोघबेली ने परिक्रमा परिसर छोड़ने के बाद रेडियो पर कहा कि हमने आपके लिए कुछ पीनट बटर और टॉर्टिला (मैक्सिकन रोटी) छोड़ा है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन ने इन यात्रियों के लौटने का एक वीडियो भी जारी किया है।





## पक्षियों का गाना सुनने का इंतजार

इसके जवाब में नासा की लोरल ओ हारा ने जवाब दिया कि मुझे आपकी पहले से ही याद आ रही है और उपहार के लिए धन्यवाद। ओ हारा अभी कुछ और सप्ताह आइएसएस पर रुकेंगी। आइएसएस छोड़ने से पहले मोगेन्सन ने X पर कहा कि वह पेड़ों पर गाना गाते पक्षियों सुनने के लिए इंतजार नहीं कर सकते और वह स्वादिष्ट भोजन के लिए तड़प रहे हैं।

## क्या है इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन?

अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (International Space Station) पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करने वाला एक बड़ा अंतरिक्ष यान है। यह एक घर की तरह है, जिसमें अंतरिक्ष यात्रियों का दल रहता है। अंतरिक्ष स्टेशन एक तरह की अनोखी विज्ञान प्रयोगशाला (Laboratory) है।

### बढ़ते भ्रष्टाचार के कारण लोकतंत्र से हो रहा मोहभंग

# सड़कों पर नेपाल

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल में 16 साल पहले लोगों ने सड़कों पर उतरकर तत्कालीन राजा ज्ञानेंद्र शाह को सिंहासन छोड़ने पर मजबूर कर दिया था और देश ने लोकतंत्र को अपनाया था। अब 16 साल बाद नेपाली लोगों का लोकतंत्र से मोहभंग हो गया है। अब वह सड़कों पर प्रदर्शन कर राजशाही को वापस लाने की मांग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि 2005 तक ज्ञानेंद्र शाह बिना कार्यकारी और राजनीतिक शक्तियों के देश के संवैधानिक प्रमुख थे। उन्होंने सरकार व संसद को भंग कर दिया और शासन करने के लिए सेना का उपयोग किया।

नेपाल में वर्तमान व्यवस्था के प्रति लोगों में निराशा बढ़ रही है और परिवर्तन की मांग हो रही है। नेपाल निवासी राजनीतिक दलों पर भ्रष्टाचार और शासन करने में विफल रहने का आरोप लगा रहे हैं। उनका कहना है कि गणतंत्र देश में राजनीतिक स्थिरता लाने में विफल रहा है और संघर्षरत अर्थव्यवस्था और बढ़ते भ्रष्टाचार के लिए जिम्मेदार है।



### हिंदू धर्म को राज्य धर्म बनाने की मांग

देश में राजशाही समर्थक रैलियां बड़ी होती जा रही है। गत माह काठमांडू में प्रदर्शनकारियों ने राजशाही के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि राजशाह को एक बार फिर राजा के रूप में बहाल किया जाए और हिंदू धर्म को राज्य धर्म माना जाए।

## उड़ान के दौरान सोए रहे पायलट

**जकार्ता**। इंडोनेशिया से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां बाटिक एयरलाइंस में केंदारी शहर से राजधानी जकार्ता की उड़ान के दौरान पायलट और को-पायलट दोनों एक साथ 28 मिनट के लिए सो गए। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया गया कि ये मामला 25 जनवरी का है। केएनकेटी ने बताया कि हादसे के वक्त विमान में 153 यात्री सवार थे।

# रूसी विमान क्रैश, 15 की मौत

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस में मंगलवार को एक विमान दुर्घटना का शिकार हो गया। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे। रूस ने बताया है कि उसका एक इल्यूशिन आईएल-76 सैन्य मालवाहक विमान मंगलवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के वक्त विमान के एक इंजन में आग लग गया जिसकी वजह से यह हादसा हुआ। हादसे के वक्त विमान में 15 लोग सवार थे।



रूसी सोशल मीडिया नेटवर्क पर असत्यापित वीडियो में एक विमान को जलते हुए इंजन के साथ नीचे की ओर जाते हुए दिखाया गया है। हेलीकॉप्टर के चक्कर लगाते समय धुएं का बहुत बड़ा गुबार आसमान में उठता हुआ देखा गया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि दुर्घटना इवानोवो क्षेत्र में हुई। रूसी ऑनलाइन समाचार सेवाओं ने कहा कि दुर्घटना में कोई जीवित नहीं बचा।


### सबसे दुखी लोगों में दूसरे स्थान पर ब्रिटिश

# घुट-घुट के जी रहा यूनाइटेड किंगडम

**एजेंसी** | लंदन

दिमागी स्वास्थ्य और खुशी से जुड़ी एक हालिया रिपोर्ट के मुताबिक यूनाइटेड किंगडम इस समय विश्व स्तर पर बेहद खराब स्थिति में है। दुनिया के सबसे दुखी देशों में ब्रिटेन दूसरे नंबर पर है, केवल उज्बेकिस्तान ऐसा देश है, जिसकी स्थिति उससे भी खराब है। ब्रिटेन समग्र मानसिक कल्याण (ओवरऑल मेंटल वैलबीइंग) में दुनिया के 71 देशों में से 70वें स्थान पर है। वैश्विक स्तर पर 65 की तुलना में ब्रिटेन का स्कोर 49 है। रिपोर्ट में 2020 के बाद 18 से 24 आयु वर्ग के लिए खुशहाली के स्तर में गिरावट दर्ज की गई है। ये आर्थिक मंदी और जीवन-यापन संकट की ओर भी इशारा करती है।

मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं का आकलन करने के लिए मानसिक स्वास्थ्य क्वोशेंट (एमएचक्यू) का उपयोग किया जाता है। नई रिपोर्ट से वैश्विक मानसिक भलाई पर महामारी के महत्वपूर्ण प्रभाव का भी पता चलता है। ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट की 'मानसिक स्थिति की विश्व रिपोर्ट' 71 देशों में 400000 से अधिक लोगों के सर्वेक्षणों के आधार पर, 2020 से मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट को दर्शाती है।



### डोमिनिकन रिपब्लिक के लोग सबसे खुश

रिपोर्ट में 2023 की रैंकिंग में कैरेबियाई देश डोमिनिकन गणराज्य उच्चतम औसत एमएचक्यू (91) के साथ सूची में शीर्ष पर है। इसके बाद श्रीलंका (89) और तंजानिया (88) का नंबर हैं। इसके उलट उज्बेकिस्तान का औसत एमएचक्यू (48) सबसे कम और ब्रिटेन 49 के साथ नीचे से दूसरे स्थान पर है। दस सबसे खुशहाल देशों में डोमिनिकन गणराज्य, श्रीलंका और तंजानिया के बाद चौथे नंबर पर पनामा औप पांचवें पर मलेशिया है। इसके बाद नाइजीरिया, वेनेजुएला, अल साल्वाडोर, कोस्टा रिका और उरुग्वे हैं। सबसे दुखी दस देशों में उज्बेकिस्तान और यूके के बाद, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, तजाकिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, मिस्र, आयरलैंड, इराक और यमन हैं।

### हंगरी PM का दावा... ट्रंप राष्ट्रपति बने तो बंद करेंगे आर्थिक सहायता

# ...तो यूक्रेन हो जाएगा पैसे-पैसे का मोहताज

**एजेंसी** | बुडापेस्ट

हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन के एक दावे ने यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उनका कहना है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और इस बार राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने एक बैठक के दौरान उनसे कहा था कि अगर वे राष्ट्रपति बन गए तो यूक्रेन को युद्ध के लिए एक पैसा भी नहीं देंगे। इस साल के नवंबर महीने में होने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडन और डोनाल्ड ट्रंप के बीच मुकाबला लगभग तय है। अमेरिका ने यूक्रेन को रूस के खिलाफ आर्थिक और सैन्य मदद भी दी है। ऐसे में अगर हंगरी के पीएम के दावे में सच्चाई है तो ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने की स्थिति में रूस-युक्रेन युद्ध का भविष्य क्या होगा, यह बड़ा सवाल है।

### नाटो नहीं चाहता यूक्रेन युद्ध पर लगें ब्रेक

नाटो प्रमुख स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन को सफेद झंडे की नहीं, हथियारों की जरूरत है। अगर हम बातचीत के जरिए शांतिपूर्ण समाधान चाहते हैं, तो वहां पहुंचने का रास्ता यूक्रेन को सैन्य सहायता है। दरअसल, कुछ दिनों पहले पोप फ्रांसिस ने यूक्रेन से सफेद झंडा उठाने यानी युद्ध समाप्त करने का आह्वान किया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl